Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2023-25

www.dainikvishwapariwar.com

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 319 ● वर्ष : 13 ● रायपुर, शनिवार 23 मई 2026 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



चोर धन को नहीं पीटते धनी को पीटते हैं।

Thieves do not hurt wealth, but they hurt the wealthy.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## कमरौद में ग्रामीणों से आत्मीय संवाद

## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बरगद के पेड़ के नीचे लगाई चौपाल, सुनी ग्रामीणों की समस्याएं





■ योजनाओं की जमीनी स्थिति का लिया फीडबैक

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज सुशासन तिहार-2026 के अंतर्गत महासमुंद जिले के विकासखंड बागबाहरा स्थित ग्राम कमरौद पहुंचकर विशाल बरगद के पेड़ के नीचे चौपाल लगाई और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति की जानकारी ली। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने मां दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

बरगद के पेड़ की छांव में आयोजित चौपाल में मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि सरकार गांव-गांव पहुंचकर यह सुनिश्चित कर रही है कि लोगों को राशन, बिजली, प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ सही तरीके से मिल रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन और प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुंचाकर समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि वे अब तक प्रदेश के 16 जिलों का दौरा कर लोगों से सीधे संवाद कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने महिलाओं से महतारी वंदन योजना की जानकारी ली, जिस पर महिलाओं ने बताया कि उन्हें नियमित रूप से राशि मिल रही है। ग्राम की श्रीमती देव कुमारी साहू ने बताया कि वह योजना से मिलने वाली राशि अपनी बेटी के भविष्य के लिए बचा रही हैं।

चौपाल के दौरान मुख्यमंत्री ने पांचवीं कक्षा के छात्र पूर्वांश साहू से मुस्कुराते हुए पूछा— सेल्फी लेंगे क्या? जिसके बाद छात्र ने उत्साहपूर्वक मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी ली। यह आत्मीय क्षण चौपाल का विशेष आकर्षण बना।

मुख्यमंत्री ने बिजली बिल समाधान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा पंचायत स्तर पर संचालित अटल डिजिटल सेवा केंद्रों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए जा चुके हैं।

## जैन साधु साध्वियों के पद विहार में पूर्ण सड़क सुरक्षा हेतु सौंपा ज्ञापन





**रायपुर (विश्व परिवार)।** सकल दिगंबर जैन समाज रायपुर द्वारा आज श्री अमरजीत सिंह छाबड़ा, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग को छत्तीसगढ राज्य सीमा में जैन मुनियों के पैदल विहार (भ्रमण) के दौरान पूर्ण सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने बाबत ज्ञापन दिया गया । ज्ञापन मे विभिन्न प्रांतों से जैन मुनि महाराजों एवं माताजी का पैदल विहार छत्तीसगढ राज्य में होने पर उनकी सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई।

उल्लेखनीय है कि जैन मुनि पूर्ण अहिंसा का पालन करते हुए नंगे पैर, बिना किसी साधन के विहार करते हैं। ज्ञापन में विगत 4 दिन पूर्व रीवा म.प्र. में पैदल विहार करते हुए आर्यिका श्रुतमति माताजी एवं आर्यिका उपशममति माताजी को पीछे से वाहन ने टक्कर मारी और, कुछ समय पश्चात दोनों माता जी का समाधि मरण हो जाने के दर्दनाक हादसे पर भारतवर्ष के साथ छत्तीसगढ की जैन समाज भारी रोष, दुःख एवं क्षोभ के साथ आक्रोश व्यक्त किया गया ।

ज्ञापन पर श्री छाबड़ा ने वर्ष भर पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया ।

ज्ञापन प्रदान करने वाले प्रतिनिधिमंडल मे सर्व श्री सनत जैन, प्रदीप जैन, संजय नायक, नरेश सिंघई, नवीन मोदी, लोकेश चंद्रकांत जैन, सुरेश मोदी, सुबोध जैन, राजेंद्र जैन उमाठे, हिमांशु जैन, निलेश जैन बजाज, संदीप जैन आम्रपाली, मनोज जैन,प्रियेश जैन,आदि उपस्थित रहे ।

## पीएम मोदी ने भारत-साइप्रस रिश्तों को दी नई दिशा, रणनीतिक साझेदारी पर लगी मुहर



**नईदिल्ली।** साइप्रस के राष्ट्रपति महामहिम निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाई देने की दिशा में कई महत्वपूर्ण समझौतों और घोषणाओं पर सहमति जताई। भारत और साइप्रस ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक उन्नत करने के साथ रक्षा, साइबर सुरक्षा, शिक्षा, संस्कृति, डिजिटल प्रौद्योगिकी और समुद्री सहयोग जैसे क्षेत्रों में साझेदारी को मजबूत करने का फैसला किया।

दोनों देशों के बीच आतंकवाद रोधी संयुक्त कार्य समूह की स्थापना पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके अलावा 2026-2031 की अवधि के लिए भारत और साइप्रस के बीच रक्षा सहयोग का रोडमैप भी घोषित किया गया। खोज एवं बचाव मामलों में सहयोग के लिए साइप्रस के लारनाका संयुक्त बचाव समन्वय केंद्र और भारत के रक्षा मंत्रालय के बीच तकनीकी व्यवस्था पर भी सहमति बनी। भारत के सुषमा स्वराज विदेश सेवा संस्थान और साइप्रस की राजनयिक अकादमी के बीच राजनयिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। वहीं भारत के शिक्षा मंत्रालय और साइप्रस के शिक्षा, खेल एवं युवा मंत्रालय के बीच उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान सहयोग को लेकर भी समझौता हुआ।

## आतंकियों ने पेड़ के नीचे बैठकर किया लंच, फिर खेली थी खून की होली



**कश्मीर।** पहलगाम के बैसरन घाटी में 22 अप्रैल 2025 को आतंकियों ने 25 पर्यटकों और एक स्थानीय नागरिक की जान ले ली. नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने अब इसे लेकर कई खुलासे किये हैं. एनआईए की चार्जशीट से ये बात सामने आई है कि हमले में शामिल तीन आतंकियों ने 26 लोगों को मारने से पहले एक पेड़ के नीचे लंच किया था. शुरुआती जांच में ही पता चल गया था कि इस वारदात को लश्कर-ए-तैयबा के संगठन यानी द रजिस्टेंस फ्रंट ने अंजाम दिया. हमले के कुछ ही देर बाद टीआरएफ ने इसकी जिम्मेदारी ली थी, लेकिन बाद में उसने अपने बयान से पलटते हुए इसे फॉल्स नैरेटिव बता दिया. राष्ट्रीय जांच एजेंसी की जांच में सामने आया है कि पहलगाम घूमने आए निर्दोष पर्यटकों को चुन-चुनकर निशाना बनाया गया.

## तमिलनाडु में आईपीएस के हुए तबादले



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी जोसेफ विजय ने छह और आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। उन्होंने दो आईपीएस को प्रोन्नति देकर नई तैनाती दी है। टीवीके की अगुवाई वाली सरकारर ने राजनीतिक तौर पर अहम माने जा रहे त्रिची ईस्ट उपचुनाव से पहले तिरुचिरापल्ली जिले में नए पुलिस अधीक्षक की नियुक्ति की है। राज्य सरकार के आदेश में प्रवीण डोंगरे को नया एसपी बनाया गया है। वह पूर्व में मुदरै के एसपी भी रह चुके हैं। राज्य सरकार ने डॉ. वी ललिथ कुमार और अक्षण अनिल वखारे को प्रोन्नति दी है।

## दिल्ली दंगे के आरोपी उमर को 3 दिन की जमानत

■ मां के इलाज के लिए केवल अस्पताल जाने की परमिशन



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली दंगा साजिश मामले में 7 साल से जेल में बंद आरोपी उमर खालिद को 3 दिन की अंतरिम जमानत दी। जमानत 1 जून सुबह 7 बजे से 3 जून शाम 5 बजे तक प्रभावी रहेगी। खालिद को इसके लिए 1 लाख रुपए का निजी मुचलका भरना होगा। हाईकोर्ट ने कहा- उमर को पहले भी पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए अंतरिम जमानत मिल चुकी है। उन्होंने अदालत की शर्तों का पालन किया था। वह इस मामले में मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक है, लेकिन उनकी मां की मेडिकल स्थिति को देखते हुए सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया गया। उमर ने कोर्ट में 22 मई से 5 जून तक 15 दिन की अंतरिम जमानत मांगी थी। याचिका में कहा था कि वह अपने स्व. मामा के चेहलुम में शामिल होना चाहता है। साथ ही अपनी 62 साल मां की 2 जून को होने वाली लंप एक्सिशन सर्जरी के दौरान उनकी देखभाल करना चाहता है।

## महाराष्ट्र के चंद्रपुर में 13 महिलाओं पर बाघ का हमला, 4 की मौत

**चंद्रपुर।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर में शुक्रवार को बड़ी घटना सामने आई है। यहां के सिंदेवाही वन क्षेत्र में तेंदू पत्ता तोडने गई 13 महिलाओं पर एक बाघ ने हमला कर दिया। अचानक हमले में 4 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 9 महिलाएं घायल हो गई हैं। उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पूरे जिले में दहशत का माहौल है। वन अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, महिलाएं वन क्षेत्र में पत्ता तोड़ रही थीं, तभी उन्हें बाघ दिखाई दिया और वे उसे देखकर चिल्लाते हुए भागने लगी। इसके बाद बाघ ने उन पर हमला कर दिया। घटना में कवादुबाई दादाजी मोहुरले (45), अनुबाई दादाजी मोहुरले (46), संगीता संतोष चौधरी (36) और सुनीता कौशिक मोहुरले (33) की मौत हुई है। महिलाओं के चीखने और पुकारने के बाद ग्रामीण मदद को दौड़े, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

## सीएम साय ने ओवरब्रिज का किया उद्घाटन

■ कचना रेलवे ओवरब्रिज से 3 लाख लोगों को मिली राहत




**रायपुर (विश्व परिवार)।** 8 साल के लंबे इंतजार के बाद आज से कचना रेलवे ओवरब्रिज आम लोगों के लिए खुल गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसका उद्घाटन किया, अब लोग इस ओवरब्रिज का इस्तेमाल कर सकेंगे। अब तक यहां रेलवे फाटक बंद होने के कारण रोजाना हजारों लोगों को जाम, तपती धूप और बारिश के बीच लंबे समय तक इंतजार करना पड़ता था। ओवरब्रिज शुरू होने के बाद शहर के 3 लाख से ज्यादा लोगों को सीधे राहत मिलेगी। कचना ओवरब्रिज पर डामरीकरण समेत सभी काम पूरे हो चुके थे। लोकार्पण से पहले देर रात तक ब्रिज पर स्ट्रीट लाइट लगाने का काम चलता रहा।रेलवे के मुताबिक, खम्हारडीह-कचना रेलवे फाटक पर पिछले कुछ सालों में ट्रेनों की संख्या काफी बढ़ी है। अभी इस रूट से 24 घंटे में करीब 120 यात्री और मालगाड़ियां गुजरती हैं। यही वजह है कि औसतन हर 15 मिनट में फाटक बंद हो जाता था। ओवरब्रिज शुरू होने के बाद अब लोगों को जाम, तपती धूप और बारिश में रेलवे फाटक खुलने का लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। पीडब्ल्यूडी ने करीब 8 साल पहले यहां ओवरब्रिज का प्लान बनाया था, लेकिन तब यह इलाका शहर का आउटर माना जाता था और ट्रैफिक दबाव भी कम था।

## सरकारी स्कूलों की फीस बढ़ने को लेकर कांग्रेसियों का बड़ा प्रदर्शन

■ कहा- बच्चों के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सरकारी स्कूलों में स्थानीय शुल्क बढ़ाए जाने के फैसले को लेकर सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस ने इस निर्णय के विरोध में राजधानी रायपुर स्थित शिक्षा विभाग कार्यालय का घेराव किया और बढ़ी हुई फीस को तुरंत वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने जॉइंट डायरेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सरकार के फैसले पर नाराजगी जताई। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यह निर्णय आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाने वाला है और इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं ने रायपुर में शिक्षा विभाग कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफनारेबाजी की और बढ़ी हुई स्थानीय शुल्क व्यवस्था को छात्र विरोधी बताया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों पर पहले से ही आर्थिक दबाव है और अब शुल्क बढ़ाकर अभिभावकों पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है।

## पीएम मोदी को झालमुड़ी खिलाने वाले को पाकिस्तान-बांग्लादेश से धमकियां

■ वीडियो कॉल में कहा- दुकान बम से उड़ा देंगे, हथियार भी दिखाए



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी को पश्चिम बंगाल में झालमुड़ी खिलाने वाले दुकानदार को जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। यह जानकारी दुकानदार बिक्रम कुमार ने शुक्रवार को दी। उसने बताया, 'पाकिस्तान और बांग्लादेश से फोन कॉल आ रहे हैं। कॉल करने वाले लोग उनकी दुकान उड़ाने की धमकी दे रहे हैं।' बिक्रम ने बताया कि एक वीडियो कॉल में कुछ लोग उन्हें हथियार भी दिखा रहे थे। इसके चलते वे और उनका परिवार काफी तनाव में है। मोदी ने 20 अप्रैल को चुनाव प्रचार के दौरान झाड़ग्राम में चुनावी रैली की थी। रोड शो के दौरान उन्होंने बिक्रम की दुकान से झालमुड़ी खरीदकर खाई थी। पीएम ने बिक्रम से हुई इस मुलाकात का करीब 40 सेकेंड का वीडियो और फोटोज अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की थीं। बिक्रम कुमार मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। अब अपने मां-पिता के साथ बंगाल में रहते हैं। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद बिक्रम ने कहा था- मैंने कभी नहीं सोचा था कि प्रधानमंत्री मेरी दुकान में आकर झालमुड़ी खाएंगे।

## छत्तीसगढ़ के 20 जिलों में ईंधन की मांग में भारी उछाल, कंपनियों ने निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की



**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के 33 में से 20 जिलों में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में ईंधन की खपत में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है, जो राज्य भर में मांग में तीव्र वृद्धि का संकेत है। बस्तर में सबसे अधिक 22.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, इसके बाद बलोद में 18.8 प्रतिशत और रायपुर में 15.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दुर्ग, सूरजपुर, राजनांदगांव, रायगढ़, बिलासपुर और महासमुंद जिलों में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई, जो ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में मजबूत मांग को दर्शाती है।

इस उछाल के बीच, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों - इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड - ने समन्वित राष्ट्रव्यापी रसद और वितरण संचालन के माध्यम से पेट्रोल, डीजल और द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखी है।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के रायपुर मंडल कार्यालय के संभागीय खुदरा बिक्री प्रमुख और छत्तीसगढ़ के लिए राज्य स्तरीय समन्वयक नितिन चव्हाण ने कहा, पेट्रोल, डीजल और द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और पूरे राज्य में निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं।

## भारत का तीसरा सबसे बड़ा तेल सप्लायर बना वेनेजुएला



**नई दिल्ली।** होर्मुज स्ट्रेट बंद होने के बाद वैश्विक तेल बाजार में उथल-पुथल मच गई है। ऐसे वक्त में जब मिडिल ईस्ट के देशों की तेल सप्लाई पर असर पड़ा, तब वेनेजुएला अचानक भारत का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल सप्लायर बनकर उभरा है।

एनर्जी ट्रैक करने वाली एजेंसी केप्लर के डेटा के मुताबिक, वेनेजुएला ने मई 2026 में सऊदी अरब और अमेरिका दोनों को पीछे छोड़ दिया है। अभी केवल रूस और,श्व ने ही वेनेजुएला से ज्यादा तेल सप्लाई किया है। रिपोर्ट के मुताबिक इस महीने भारत को वेनेजुएला से होने वाली तेल सप्लाई अप्रैल के मुकाबले करीब 50 फीसदी बढ़ गई है। अमेरिका ने जनवरी में वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के बाद वहां के तेल निर्यात पर कुछ ढील दी थी। उसी के बाद अप्रैल से भारत में फिर से वेनेजुएला का तेल आना शुरू हुआ। केप्लर के मुताबिक, मई में अब तक भारत ने वेनेजुएला से करीब 4.17 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चा तेल खरीदा है। अप्रैल में यह आंकड़ा 2.83 लाख बैरल प्रतिदिन था।

# मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

**रायपुर (विश्व परिवार)।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत बलौदाबाजार जिले के करहीबाजार में आयोजित समाधान शिविर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से संवाद कर योजनाओं से मिल रहे लाभों की जानकारी ली।

शिविर में मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 के तहत अनेक उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत प्रदान की गई। हितग्राहियों ने बताया कि योजना से उन्हें आर्थिक राहत मिली है और लंबित बिजली बिल की चिंता काफी हद तक कम हुई है।बलौदाबाजार जिले के ग्राम बिटकुली निवासी श्री आशाराम को 11 हजार 625 रुपये, श्री बाबूलाल को 14 हजार 922 रुपये, श्री जगदीश को 9 हजार 832 रुपये, श्रीमती बुधयारिन को 8 हजार 467 रुपये तथा श्री चोवाराम को 13 हजार 325 रुपये की छूट प्राप्त हुई।

हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान बताया कि पहले बढ़े हुए बिजली बिल के कारण आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता था, लेकिन मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना से उन्हें बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि अब वे बिना किसी अतिरिक्त बोझ के नियमित रूप से बिजली बिल का भुगतान कर पा रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य आम जनता को राहत पहुंचाना और उनकी समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान करना है। उन्होंने कहा कि सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री एवं राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए बड़ी सहायता साबित हो रही है।



# सरकार उर्वरकों की उपलब्धता पर श्वेत पत्र जारी करें : कांग्रेस



**रायपुर (विश्व परिवार)।** खरीफ के लिए खाद उपलब्ध करवा पाने के मामले में सरकार ने ठोस प्रयास शुरू नहीं किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कृषि मंत्री केवल मीडिया में बयान देकर अपने कर्तव्य की पूर्ति समझ लिए है। सरकार ने अभी तक उर्वरकों की व्यवस्था के बारे में निश्चित बनी हुई है। अभी तक सरकार को किसानों की जरूरत के अनुसार सोसायटियों से मांग का डाटा एकत्रित कर सभी सोसायटियों में खाद पहुंचाना शुरू कर देना चाहिए। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सरकार बताये कि इस वर्ष कितने उर्वरकों की जरूरत का आंकलन किया गया तथा सरकार के पास कितनी उपलब्धता की व्यवस्था की गयी है? सरकार उर्वरकों की उपलब्धता पर श्वेत पत्र जारी करें।प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की सरकार आदतन किसान विरोधी है, पिछले खरीफ सीजन में खाद का संकट छत्तीसगढ़ के किसानों ने भोगा हैं, अब फिर वही स्थिति बन रही है, सरकार के संरक्षण में नकली खाद, अमानक खाद, नैनो यूरिया के नाम पर गुणवत्ताहीन खान लेने किसानों को मजबूर किया गया, ऐसे ही झूठे दावे सरकार ने पिछले करीब सीजन में भी सरकार करती रही और किसान खाद के लिए दर-दर भटकते रहे, यूरिया और डीएपी का स्टॉक डिमांड के आधा भी उपलब्ध नहीं कर पाई सरकार। बिचोलीयों और कालाबाजारी करने वालों को इस सरकार का संरक्षण था चार गुना अधिक दाम पर किसान जमाखोरों से 460 का यूरिया 2000 में और 1350 का डीएपी 4 हजार तक में खरीदने मजबूर हुए फिर भी पर्याप्त खाद किसानों को नहीं मिल पाया, अब आगामी खरीफ सीजन में भी यही स्थिति बनती हुई दिख रही है। आगामी खरीफ सीजन में लगभग साढ़े सात लाख मीट्रिक टन यूरिया और साढ़े तीन लाख मीट्रिक टन डीएपी की आवश्यकता होगी जिसे लेकर सरकार की तैयारी करें दिख नहीं रही, सरकार की अकर्मण्यता किसानों की चिंता का कारण है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि खरीफ सीजन शुरू होने के पहले सरकार का दायित्व है कि वह किसानों के मांग के अनुरूप सोसायटियों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक पहुंचाएं ताकि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके। सरकार उर्वरकों की उपलब्धता पर श्वेत पत्र जारी करे। कृषि मंत्री स्पष्ट करे कि अभी तक सरकार के पास कितने टन उर्वरकों की मांग का अनुमान है और सरकार ने कितने टन उर्वरक इंतजाम कर लिया है। पिछली बार की तरह झूठ बोलकर किसानों को गुमराह मत करे। मंत्री की हड़बड़ाहट बता रही है कि इस बार भी केंद्र की सरकार छत्तीसगढ़ के किसानों के हक और अधिकार का उर्वरक देने से आनाकानी कर रही है और दलीय चाटुकारिता में भाजपा के नेता अभी से बहाने तलाश रहे है।प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पिछले खरीफ सीजन में राज्य के किसानों को 14 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की आवश्यकता थी, साय सरकार शुरू के दो माह तक मात्र 80 हजार मीट्रिक टन ही उर्वरक दे पायी थी।

# मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान योजना के तहत क्रिकेट खिलाड़ियों को मिली आर्थिक सहायता, विधायक ने किया चेक वितरण

**रायपुर (विश्व परिवार)।** उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा ने आज जगन्नाथ मंदिर परिसर स्थित कार्यालय में मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान योजना के अंतर्गत क्षेत्र की क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता राशि का चेक वितरित किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह का वातावरण देखने को मिला।



विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ी अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करें, यही हम सभी की अपेक्षा है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान योजना के माध्यम से खिलाड़ियों को आर्थिक सहयोग प्रदान करना युवाओं के मनोबल को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सरकार निरंतर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने एवं उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

श्री मिश्रा ने कहा कि उत्तर विधानसभा क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि क्षेत्र के युवा अपनी प्रतिभा को सही मंच पर प्रदर्शित कर सकें। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ आगे बढ़ते हुए नई उपलब्धियां हासिल करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी, खेल प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बिजली उत्पादन बढ़ाये बिना ईवी व्हीकल लेने की सलाह हास्यपद, लो वोल्टेज की गम्भीर समस्या तो पहले ठीक कर ले : कांग्रेस

**रायपुर (विश्व परिवार)।** सरकारी विभागों एवं आम जनता को ईवी व्हीकल लेने की सलाह को हास्यपद करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि सरकार ईंधन संकट के चलते सरकारी विभागों एवं आम जनता को ईवी व्हीकल लेने की सलाह दे रही है लेकिन बिजली उत्पादन को बढ़ाने के दिशा में कोई योजना नहीं बना रही है, ऐसे में सरकार की सलाह हास्यपद एवं जिम्मेदारी से भागना है। वर्तमान में जितना बिजली उत्पादन हो रहा है उतने में शत-प्रतिशत घरों में पर्याप्त सप्लाई नहीं हो रहा है। बिजली कटौती, लो वोल्टेज की गम्भीर समस्या से प्रदेश जूझ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में 6 से 7 घंटा तो शहरी क्षेत्रों में



2 से 3 घण्टा बिजली बंद हो रही है। जनता परेशान है फिर सरकार इस प्रकार उलजुलूल सलाह क्यों दे रही है?

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश बिजली उत्पादन मामले में सरप्लस राज्य है फिर बिजली कटौती एवं लो वोल्टेज की समस्या क्यों है? इसका जवाब सरकार को देना चाहिये? सोलर पैनल को बढ़ावा दिया जा रहा है लेकिन अभी तक सोलर पैनल के बेहतर परिणाम नजर नहीं आ रहा है, सोलर से बिजली उत्पादन के दावे किए जा रहे है लेकिन बिजली कटौती, लो वोल्टेज पर बिजली विभाग मौन है।

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि सरकार बिजली आपूर्ति में भेदभाव कर रही है, ग्रामीण क्षेत्रो की जनता को बिजली के अधिकार से वंचित कर रही है। बिजली की कमी जब तक दूर नहीं हो जाती। ईवी व्हीकल खरीदने की सरकारी सलाह बड़ी ग्रामीण आबादी के साथ अन्याय है, सरकार बिजली उत्पादन बढ़ाया जाए शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में पर्याय बिना भेदभाव बिजली की आपूर्ति करे, तभी ईवी व्हीकल का प्रमोशन करे।

# महतारी वंदन योजना बनी महिलाओं के आत्मविश्वास और बच्चों के भविष्य का सहारा

**बलौदाबाजार।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। योजना के माध्यम से मिलने वाली आर्थिक सहायता महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ उनके परिवार और बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने में सहायक सिद्ध हो रही है।

सुशासन तिहार के अंतर्गत बलौदबाजार जिले के करहीबाजार में आयोजित समाधान शिविर में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने योजना की हितग्राहियों से संवाद कर उनके अनुभव जाने।

हितग्राही श्रीमती रुखमनी पाल ने बताया कि उनके पति श्री दिलेश्वर पाल मजदूरी कार्य करते हैं और परिवार की आय सीमित है। महतारी वंदन योजना के तहत प्राप्त होने वाली राशि को वे अपनी दो बेटियों के भविष्य के लिए जमा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि योजना से मिलने वाली सहायता ने उन्हें आर्थिक संबल दिया है तथा बच्चों की पढ़ाई और आवश्यक जरूरतों



को पूरा करने में मदद मिल रही है।

इसी तरह योजना की एक अन्य हितग्राही श्रीमती धनमता पाल ने भी बताया कि उन्हें प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता राशि प्राप्त हो रही है। उनके पति श्री होरीलाल पाल मजदूरी का कार्य करते हैं। धनमता पाल ने बताया कि वे इस राशि को अपने दो बच्चों के नाम पर जमा कर रही हैं ताकि भविष्य में उनकी शिक्षा और जरूरतों के लिए आर्थिक परेशानी न हो।

उन्होंने कहा कि पहले छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भी चिंता बनी रहती थी, लेकिन अब योजना से मिलने वाली राशि ने परिवार को राहत दी है।

# अग्रसेन भवन में लगेगा जनसमस्या निवारण शिविर

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और उप मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरुण साथ के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय क्षेत्र अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनों के विभिन्न 10 स्थानों पर सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर लगाये जायेंगे। इस हेतु छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन के मार्गनिर्देशन में रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनों में सुशासन विहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर आयोजन की प्रशासनिक कार्यवाही प्रगति पर है।

सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के अंतर्गत रायपुर पश्चिम एवं रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम जोन 8 के वार्ड कमांक 1, 2, 19, 20, 21. 69 एवं 70 हेतु दिनांक 25 मई, 2026 सोमवार को अग्रसेन भवन टाटीबंध में सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत नगर निगम रायपुर क्षेत्र में 7वां जनसमस्या निवारण शिविर लगाया जायेगा.

इस क्रम में रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम जोन 7 अंतर्गत वार्ड कमांक 22, 23, 24, 25, 36, 37 एवं 38 क्षेत्र हेतु दिनांक 28 मई को पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में, रायपुर ग्रामीण, रायपुर उत्तर एवं धरसींवा विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम जोन 9 के वार्ड क्रमांक 7, 8, 9, 10, 11, 32 एवं 51 हेतु 29 मई को गारमेंट फैक्टरी पॉम बेलाजियों के सामने, रायपुर ग्रामीण एवं रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम जोन 10 के वार्ड क्रमांक 49, 50, 52, 53, 54, 55 एवं 56 में दिनांक 5 जून 2026 को देवपुरी धर्मशाला (गुरुद्वारा) कमल विहार गेट के पास जनसमस्या निवारण शिविर का सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जोनवार आयोजन रखा गया है।

नगर निगम रायपुर में जोनवार जनसमस्या निवारण शिविर आयोजन हेतु संबंधित जोन कमिश्नर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी शिविर के आयोजन हेतु उत्तरदायी होंगे। आम जनता से उनकी समस्याओं के संबंध में शिविर स्थलों में प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। जनसमस्या निवारण शिविर में रायपुर नगर पालिक निगम सहित ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, राजस्व, विद्युत, खाद्य, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशुधन विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, महिला एवं बाल विकास, ईडीएम, श्रम विभाग आदि हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित सर्व विभाग भी उपस्थित रहेंगे। निर्देश दिये गये है कि सुशासन तिहार के सफाई और सुव्यवस्थित संचालन हेतु आवश्यक अग्रिम तैयारी सुनिश्चित की जाये और अभियान को जन आंदोलन का रूप देते हुए अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित की जाये। जिससे शासन की योजनाओं का व्यापक लाभ नागरिको को प्राप्त हो सके। विभिन्न शासकीय योजनाओं के संबंध में व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित करने शिविर में पात्र हितग्राहियों को लाभ वितरण किये जाने, शिविरों में प्राप्त आवेदन पत्रों का अधिकतम 1 माह में निराकरण सुनिश्चित किये जाने, प्रत्येक आवेदक को उनके आवेदन के निराकरण की सूचना अनिवार्य रूप से प्रदान किया जाना सुनिश्चित करने संबंधित शिविर से जुड़े क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों को आवश्यक सूचना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने, शिविर स्थल पर अनुशांगिक व्यवस्था जैसे छाया, कुर्सी टेबल, पेयजल हेतु घडे आदि की व्यवस्था एवं पानी पिलाने वाले कर्मचारी सहित अन्य की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने, सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविरो का व्यापक प्रचार -प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /31354/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 21-05-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31354**
**वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568F00949** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PURNIMA GOSHWAMI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHAMPESHWAR GOSWAMI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **AHILYA DAHARE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SURESH KUMAR DAHARE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /31365/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 21-05-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31365**
**वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568C00446** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAMNARAYAN MISHRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O LT.SHANKAR MISHRA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PYARI TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ANIL KUMAR TIWARI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /31368/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 21-05-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31368**
**वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568C0635C** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NILIMA MISHRA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMNARAYAN MISHRA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **ANIRUDH KUMAR YADAV** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AJU RAM YADAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /31353/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2026
रायपुर, दिनांक 21-05-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31353**
**वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568A00066** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **HANSHA PANDEY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O ALOK KUMAR PANDEY** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SAPNA PARGANIHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRADEEP PARGANIHA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्रीमती राजेश्वरी पटेल**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-(8)**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-9)**
**पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर**
E-mail ID - rmczone9@gmail.com

पत्र क्र. /31395/ न.पा.नि./जोन क्र.-9/2026
रायपुर, दिनांक 21-05-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31395**
**वार्ड का नाम- 51 - लाल बहादुर शास्त्री वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 51 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR446T00090** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHRI GOPAL VYAS** पिता/पति, श्री/श्रीमती **.LT. POONAMCHAND VYAS** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. सुशीला व्यास **S/O** गोपाल व्यास 2 हर्ष व्यास **S/O** स्व गिरजा शंकर व्यास पिता/पति, श्री/श्रीमती **.....** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री राकेश शर्मा**
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रमांक-9**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**आम-सूचना**

ई. क0/
/अ-6/वर्ष 2026 रायपुर, दिनांक 11/5/2026
**ग्राम-तेलीबांधा, प0ह0नं0 64,**
**तहसील व जिला रायपुर छ.ग.**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका **श्रीमती शोभा दुबे पति निर्मल कुमार दुबे निवासी-बैकुंठ धाम कालोनी, इंदौर मध्यप्रदेश** द्वारा इस न्यायालय में धारा-109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक के द्वारा **ग्राम-तेलीबांधा, प0ह0नं0 64, तहसील व जिला रायपुर** में स्थित भूमि **खसरा नंबर-83/15 रकबा 0. 0510 हे0** भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में **जागेश्वर प्रसाद तिवारी पिता मंगली प्रसाद तिवारी** के नाम पर दर्ज है। आवेदिका के **पिता स्व. जागेश्वर प्रसाद तिवारी की मृत्यु दिनांक 30/08/1990** को एवं आवेदिका की **माता स्व. श्रीमती महालक्ष्मी तिवारी की मृत्यु दिनांक 14/09/2010** को हो चुकी है। तथा **आवेदिका के पिता जागेश्वर प्रसाद तिवारी पिता मंगली प्रसाद तिवारी** ने अपने जीवनकाल में एक पंजीकृत वसीयतनामा **दिनांक 14/12/2004** को निष्पादित कर उक्त संपत्ति को आवेदिका **श्रीमती शोभा दुबे पति निर्मल कुमार दुबे** को वसीयंत प्रदान किया है। अत: आवेदिका द्वारा पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर अपना नाम दर्ज किये हेतु निवेदन किया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति **दिनांक 29/5/2026** को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज **दिनांक 11 / 5 / 2026** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.), फोन नं.-0771-2991574**
email Id- eocghbzone03@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल** द्वारा **कालोनी बोरियाकला, रायपुर,** में दीनदयाल आवास योजनांतर्गत निर्मित फ्लैट **क्रमांक-एल.आई.जी.-150 ब्लॉक 10 प्रथम तल, सुश्री कान्ता एक्का पिता श्री मिखैल एक्का, पता:- ग्राम-बनकोम्बों, तहसील-कुनकुरी जिला-जशपुर (छ.ग.),** को इस कार्यालय के आंबटन आदेश **क्रमांक 10866 दिनांक 03.11.2009** के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर आंबटित है, आंबटी की मृत्यु **दिनांक 19.04.2015** को होने के उपरांत उनके **भाई श्री ओस्कर एक्का पिता श्री मिखैल एक्का,** द्वारा आवेदन पत्र, पारिवारिक सहमति पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त फ्लैट **श्री ओस्कर एक्का पिता श्री मिखैल एक्का पता ग्राम-बनकोम्बों, तहसील-कुनकुरी जिला-जशपुर (छ.ग.),** के नाम पर मृत्यु उपरांत नामांतरण किया जाना हैं।

अत: किसी भी व्यक्ति; शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उक्त भवन भूखण्ड के मृत्यु उपरांत नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण**
**एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, सेजबहार रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.), फोन नं.-0771-2991574**
email Id- eocghbzone03@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोसंरचना **विकास मण्डल द्वारा कालोनी खिलौरा, जिला आवास** योजनांतर्गत निर्मित भवन क्र. **एल.आई.जी 61, श्री मनीष सेन पिता श्री रामदयाल सेन निवासी:- एस नं-18/2 (पी) 19/3/4 फेस-2, पूणे विले जी 1701, पूणे सिटी, पूणे (महाराष्ट्र)** के नाम पर इस कार्यालय के आंबटन **आदेश क्र. 57 दिनांक 04.05.2016** के माध्यम से ऑफर आधार पर आंबटित है। आबंटी द्वारा भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर **दिनांक 21.09.2016** को सेलडीड निष्पादित कराने के उपरांत पत्र **क्रमांक 2250 दिनांक 09.11.2016** को आधिपत्य आदेश जारी किया गया है। आंबटी **श्री मनीष सेन पिता श्री रामदयाल सेन,** उक्त भवन को विक्रय अनुमति हेतु आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन को क्रेता **श्री सुशील कुमार पिता श्री देवचरण डहरिया निवासी:- म.नं. एच.एन-57, रामपुर चोरहा सतनामीपारा वार्ड-17, कुम्हारी जिला-दुर्ग (छ.ग.)** के पक्ष में विक्रय हेतु अनुमति प्रदान किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन/फ्लैट के विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण**
**एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, सेजबहार रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
**आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर**
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./31430/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2026
रायपुर दिनांक : 22-05-2026

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 31430**
**वार्ड का नाम-62 श. पंकज विक्रम वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **62** स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR654K00177** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SHABANA PARVEEN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O NASIRUDDIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MOHAMMAD SAHABAJ ALI** पिता/पति श्री/श्रीमती **S/O NAJIM ALI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**(जोन कमिश्नर)**
**जोन क्रं. - 6**
**नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 145 दिनांक 22.05.2026**
**वार्ड का नाम- शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड**
**वार्ड क्र. 30 वर्ष- 2025-26**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **30** मांग **पंजी क्र. 73 युआईडी 27242** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **अविनाश केशव सिंह / प्रेमशंकर राव** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **रवि देवांगन/मुन्ना देवांगन** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 15 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **06-06-2026** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, शनिवार 23 मई 2026

### सेना भर्ती के लिए ऑनलाइन परीक्षा की तिथि घोषित

**धमतरी ( विश्व परिवार )।** भारतीय सेना में भर्ती वर्ष 2027 के लिए आयोजित होने वाली ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम की तिथि भारतीय सेना द्वारा घोषित कर दी गई है। विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा 01 जून 2026 से 05 जून 2026 तथा 08 जून 2026 से 12 जून 2026 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा प्रदेश के पांच शहरों भिलाई, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर के कुल 10 परीक्षा केंद्रों में संपन्न होगी। प्रत्येक दिन ऑनलाइन परीक्षा 3 से 4 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी किए जा चुके हैं।



# विधायक पुरंदर मिश्रा के विशेष प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाओं को मिला नया विस्तार

- विद्युत चालित रिक्शा से पहुंचे विधायक पुरंदर मिश्रा, दिया ईंधन बचत का संदेश
- विद्युत चालित वाहन से पहुंचे विधायक, दिया राष्ट्रहित और पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजधानी रायपुर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़, में,आईडीबीआई बैंक द्वारा सामुदायिक कल्याण एवं जनस्वास्थ्य सेवा के उद्देश्य से आयोजित उन्नत चिकित्सा उपकरण वितरण कार्यक्रम में उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री पुरंदर मिश्रा बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए.इस अवसर पर अस्पताल को अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरण प्रदान किए गए, जिससे मरीजों को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने में सहायता मिलेगी। विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने इस जनहितकारी पहल के लिए आईडीबीआई बैंक प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि समाज और स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रति इस प्रकार की जिम्मेदार पहल अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने बैंक प्रबंधन को बधाई एवं धन्यवाद देते हुए कहा कि जनसेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री पुरंदर मिश्रा द्वारा ई-रिक्शा के उपयोग की पहल भी चर्चा का विषय रही। उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत एवं आत्मनिर्भर भारत के संदेश को आगे बढ़ाने के लिए उनकी इस पहल की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आग्रह एवं प्रेरणा से उन्होंने ई-व्हीकल अपनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने नागरिकों से भी अपील करते हुए कहा कि पेट्रोल-डीजल की बचत कर, प्रदूषण कम कर तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में छोटे-छोटे प्रयास कर हम सभी राष्ट्रनिर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता एवं जनसुविधाओं के विस्तार हेतु लगातार कार्य किए जा रहे हैं और क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### अब तक प्रदेश के 16 जिलों का दौरा कर लोगों से सीधे संवाद कर चुके हैं सीएम

# सुशासन तिहार: मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, त्वरित निराकरण



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति की जानकारी ली। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने मां दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उल्लेखनीय है कि जिले में सिंचाई क्षमता विस्तार के लिए सिकासेर बांध (गरियाबंद) से शहीद वीर नारायण सिंह जलाशय कोडार तक पानी पहुंचाने की लगभग 3200 करोड़ रुपये की परियोजना पर कार्य किया जा रहा है।

चौपाल के दौरान ग्राम की श्रीमती लता साहिस ने बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन योजना तथा गैस सिलेंडर का लाभ मिला है। वहीं श्रीमती मधु साहू ने मछली पालन से जुड़ाव और गर्मी के दौरान पानी की समस्या बताई, जिस पर मुख्यमंत्री ने सोलर आधारित बोर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बिहान योजना से जुड़ी परी साहू ने बताया कि स्व-सहायता समूह से जुड़कर वे आत्मनिर्भर बनी हैं और अब फैंसी एवं किराना दुकान संचालित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बिहान योजना से जुड़ने के बाद वे लखपति दीदी कहलाने लगी हैं। ग्रामीण श्री मोहन कुलदीप ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का अनुभव साझा करते हुए बताया कि दिसंबर 2025 में सोलर पैनल लगवाने पर उन्हें एक लाख आठ हजार रुपये की सब्सिडी मिली और पहले जहां उनका बिजली बिल लगभग 3500 रुपये आता था, अब शून्य हो गया है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित ग्रामीणों को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इन घोषणाओं से ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा गया और ग्रामीणों ने उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

#### दिव्यांग हितग्राहियों के चेहरे पर खिली मुस्कान

चौपाल के दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने तीन दिव्यांग हितग्राहियों को सहायक उपकरण प्रदान किए। भारती मारकण्डेय को व्हीलचेयर तथा रवि कुमार पटेल और यादराम साहू को ट्रायसिकल प्रदान की गई। हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उनके दैनिक जीवन और आवागमन में काफी सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के जीवन को सहज, सम्मानजनक और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा अधिकारियों को जरूरतमंद हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से पहुंचाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने मातृशक्ति के लिए सर्वसुविधायुक्त भवन निर्माण की घोषणा की, जहां सामाजिक, सांस्कृतिक एवं स्व-सहायता समूहों की गतिविधियां संचालित की जा सकेंगी।

# डंगनिया स्थित बिजली दफ्तर में धरने पर बैठे विकास उपाध्याय

- छात्र, व्यापारी, किसान तथा घर की महिलायें बिजली विभाग के इस रवैये से त्रस्त



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राजधानी रायपुर सहित संपूर्ण छत्तीसगढ़ प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती, लो वोल्टेज, एक फेस गोल, ट्रांसफार्मर फेल और महंगी बिजली बिल को लेकर रायपुर डंगनिया बिजली दफ्तर में विकास उपाध्याय धरने पर बैठे। उपाध्याय ने बताया कि लगातार प्रदेश में बिजली को लेकर समस्याएं आ रही है और अधिकारियों का रवैया निरंकुश नजर आ रहा है। लगातार जनता शिकायतें कर रही हैं लेकिन अधिकारियों के तरफ से समय पर किसी भी प्रकार की पहल नहीं की जाती। उपाध्याय ने बताया कि राजधानी सहित प्रदेश में लगातार छात्र, व्यापारी, किसान तथा घर की महिलायें बिजली विभाग के इस रवैये से त्रस्त हो चुके हैं। गर्मी के समय में अधिकांश महिलायें एवं बच्चे घर में रहते हैं लेकिन बिजली कटौती से उनका जीना दुश्वार हो गया है। उसी प्रकार छात्रों को लाईट गोल होने के कारण अपनी पढ़ाई पूरी करने में दिक्कतें आ रही हैं, जो उद्योग और व्यापार बिजली से चलता है वो लोग भी त्रस्त हो चुके हैं। लेकिन शासन की तरफ से किसी भी प्रकार की ठोस पहल नहीं की जा रही है।

स्मार्ट मीटर लगाकर महंगी बिजली दर करने का काम इस सरकार ने किया है जबकि छत्तीसगढ़ प्रदेश शुरूआत से ही सरप्लस बिजली वाला प्रदेश रहा है। लो केटेगिरी का ट्रांसफर लगाने वाले ठेकेदारों के ऊपर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है इससे साफ जाहिर हो रहा है कि ठेकेदार और अधिकारी की मिलीभगत से बिजली विभाग चल रहा है जिसका खामियाजा जनता भुगत रही है ।बिजली बिल नहीं पटाने की स्थिति में दूसरे दिन ही बिजली काटने का काम पूरी मुश्तैदी से बिजली विभाग करता है लेकिन जहाँ सुविधा देने की बात आती है, विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों को सांप सूंघ जाता है। जब उपभोक्ताओं द्वारा शिकायत करने के लिये या अपना कंप्लेंट नोट कराने के लिये सीएसईबी के अधिकारी कर्मचारी से संपर्क किया जाता है तो न ही कोई फोन उठाते हैं और समस्या संबंधित न ही कोई जवाबदारी लेने को तैयार रहते हैं।

# विधायक राजेश मूणत और महापौर मीनल चौबे ने नागरिकों को दी अनुपम सौगात




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत रायपुर नगर निगम जोन 7 अंतर्गत शीघ्र सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड और संत रामदास वार्ड क्षेत्र में कुल लगभग 2 करोड़ 52 लाख रूपये के नए विकास कार्य शीघ्र करवाए जायेंगे. आज रायपुर पश्चिम विधायक एवं प्रदेश के पूर्व केबिनेट मन्त्री श्री राजेश मूणत और नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने कृष्णा नगर भक्त माता कर्मा चौक में दो वार्ड में ढाई करोड़ रूपये से अधिक के नए विकास कार्य शीघ्र करने भूमिपूजन सहित विविध सामुदायिक भवनों के नवनिर्माण कार्यों का लोकार्पण कर नागरिकों को अनुपम सौगात दी. रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत और महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने वार्ड पार्षद एवं निगम एमआईसी सदस्य श्री भोलाराम साहू, पार्षद श्री राजेश कुमार देवांगन, पूर्व पार्षद श्री ओंकार बैस, श्री खेमराज साहू, जोन 7 जोन कमिश्नर श्री अरुण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता श्री सुशील मोडेस्टस, उपअभियंता श्री सुरेन्द्र श्रीवास, श्रीमती प्रेरणा अग्रवाल, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री आत्मानंद साहू सहित बड़ी संख्या में उपस्थित वार्ड की रहवासी महिलाओं, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों, बच्चों की उपस्थिति के मध्य श्रीफल फोड़कर और कुदाल चलाकर भूमिपूजन करते हुए नागरिकों को शानदार सौगात दी.

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर संजीवनी बना डायल 1033

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कल्पना कीजिए, आप एक खूबसूरत सफर पर हैं। चारों तरफ फैली खुली शानदार सडक़, रफ्तार पकड़ती गाड़ी और गुनगुनाता सुहाना मौसम। सब कुछ एकदम मुकम्मल लगता है। लेकिन अचानक, अगले ही मोड़ पर कोई अनहोनी हो जाए...। कई बार हाइवे पर हुआ एक अनचाहा हादसा पल भर में जिंदगी की खुशियों को मातम में बदल देता है।

ऐसे किसी अनजान और सुनसान सफर पर, जहां दूर-दूर तक कोई अस्पताल या मदद नजर नहीं आती, वहां मोबाइल की स्क्रीन पर चमकता एक नंबर उम्मीद की सबसे बड़ी किरण बनकर उभरता है- 1033। आज देश के राष्ट्रीय राजमार्गों पर यह चार अंकों का नंबर महज एक हेल्पलाइन नहीं, बल्कि हजारों-




लाखों मुसाफिरों के लिए संजीवनी साबित हो रहा है। जैसे ही कोई इस नंबर पर डायल करता है, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण का कॉल सेंटर तुरंत हरकत में आ जाता है। जीपीएस ट्रैकिंग के जरिए हादसे की सटीक लोकेशन ट्रेस की जाती है और चंद मिनटों के भीतर एम्बुलेंस मौके पर पहुंचती है। घायलों को नजदीकी ट्रॉमा सेंटर या अस्पताल पहुंचाया जाता है। साथ ही रास्ता साफ करने के लिए क्रेन और पेट्रोलिंग गाडियां तैनात हो जाती हैं ।महज 7 से 10 मिनट में आ गई एम्बुलेंसएनएचएआई के 1033 सेवा का लाभ लेने वाले श्री नितिन वर्मा बताते हैं, मैं रायपुर से बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में सफर कर रहा था।

#### संकट के समय फरिश्ता बनती है एक कॉल

हाइवे पर दुर्घटना होने के बाद जो सबसे पहला घंटा होता है, उसे चिकित्सा विज्ञान में गोल्डन ऑवर कहा जाता है। इस एक घंटे के भीतर अगर घायल को सही इलाज मिल जाए, तो उसकी जान बचने की संभावना 80 फीसदी तक बढ़ जाती है। 1033 इसी गोल्डन ऑवर का रक्षक है।

# स्मार्ट मीटर से बिजली खपत ज्यादा, बेतहाशा बिल आ रहा है : दीपक बैज

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि स्मार्ट मीटर के कारण बिजली की खपत से ज्यादा रीडिंग आ रही है। जनता परेशान है। इस माह लोगों का बिल तीन गुना तक बढ़कर आया है। उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश से स्मार्ट मीटर वापस लिया है। हमारी मांग है कि छत्तीसगढ़ से भी स्मार्ट मीटर वापस लिया जाये। उत्तरप्रदेश सरकार ने माना कि स्मार्ट मीटर से बिजली की खपत ज्यादा आ रही है, योगी मंत्रिमंडल ने इसे बदलने का फैसला किया है, छत्तीसगढ़ में भी इसे वापस लिया जाए।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि हर जगह बिजली उपभोक्ताओं की शिकायत है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनकी खपत वास्तविक खपत से अधिक बताई जा रही है, स्मार्ट मीटर सामान्य मीटर की तुलना में बहुत तेजी से चल रहा है। बिजली उपभोक्ताओं का यह अधिकार है कि अपनी वास्तविक खपत को जान सके। चेक मीटर का प्रावधान पहले से ही था, लेकिन यह सरकार अपनी लूट पर परदेदारी करने के लिए चेक मीटर लगाने और मीटर चेक करवाने उपभोक्ताओं से 1000 और 1500 रुपए शुल्क लेने का प्रावधान कर दिया गया है, यदि मीटर में गड़बड़ी का आरोप उपभोक्ता लगा रहे हैं, तो उसे मुफ्त में चेक किया जाए, किसी भी तरह से अतिरिक्त शुल्क अनुचित है।

**बैठक** दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अर्धवार्षिक बैठक संपन्न

- अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर दयानंद की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर की वर्ष 2026 की प्रथम अर्धवार्षिक बैठक



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दिनांक 22.05.2026 को मंडल रेल प्रबंधक एवं अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर श्री दयानंद की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर की वर्ष 2026 की प्रथम अर्धवार्षिक बैठक डब्ल्यू.आर.एस. कॉलोनी स्थित रेल अधिकारी क्लब 'उल्लास' में आयोजित की गई ।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथि श्री दयानंद, अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं मंडल रेल प्रबंधक, रायपुर, श्री नरेंद्र सिंह मेहरा, उपनिदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया तत्पश्चात उनके द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ ।

पिछली बैठक के पश्चात नराकास के नए सदस्य बने कार्यालय नियंत्रक, संचार लेखा से उपस्थित सदस्य को स्मृति चिह्न प्रदान कर समिति में उनका स्वागत किया गया । बैठक के प्रारंभ में अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं उपाध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर श्री बजरंग अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि हिंदी, संघ सरकार के प्रशासन की भाषा है । अतः इसका प्रयोग हम जितना अधिक करेंगे, हमारा काम-काज उतना ही आमजन के अनुकूल एवं उपयोगी होगा । साथ ही इससे सांविधिक अपेक्षाओं की पूर्ति भी होगी ।''

बैठक के दौरान नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर के सदस्य कार्यालयों की दिनांक 01.07.2025 से 31.12.2025 तक की अवधि की राजभाषा प्रगति की समीक्षा समिति के सचिव श्री निकेश कुमार पाण्डेय द्वारा की गई । साथ ही विभिन्न मदों पर चर्चा भी की गई ।

अपने उद्बोधन में श्री नरेंद्र सिंह मेहरा, उपनिदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल ने कहा कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में काफी अच्छा कार्य कर रही है । समिति के कार्यों का निष्पादन मिलजुल कर करने का अनुरोध किया । उन्होंने नराकास बैठकों में कार्यालय प्रमुखों की उपस्थिति पर विशेष जोर दिया । साथ ही संविधान की मूल भावना के अनुरूप कार्य करने का अनुरोध किया । श्री दयानंद, अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर एवं मंडल रेल प्रबंधक ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर राजभाषा के प्रयोग-प्रसार के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है । हिंदी देश के बहुसंख्यकों की भाषा है तथा देश को एकसूत्र में बांध कर रखने की क्षमता केवल और केवल हिंदी में है । उन्होंने सभी कार्यालय प्रमुखों से अपने-अपने कार्यालयों में हिंदी भाषा के विकास के लिए पूरी गंभीरता से प्रयास करने का अनुरोध किया ।''

# नगरी में सुशासन तिहार शिविर में मिले 1229 आवेदन

**नगरी ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार संचालित सुशासन तिहार के अंतर्गत नगर पंचायत नगरी के सामुदायिक भवन वार्ड क्रमांक 07 में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में कुल 1229 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा लागू ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के संबंध में भी नागरिकों को जागरूक किया गया। लोगों को स्वच्छता, कचरा पृथक्करण एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जानकारी देते हुए नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने की अपील की गई। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तेल क्षेत्र पर माल्यार्पण कर किया गया कार्यक्रम में अध्यक्ष की उद्घाटन में नगर पंचायत अध्यक्ष ने नगर में चल रहे सुशासन एवं जनता के समस्याओं को निराकरण के बारे में बताया एवं छत्तीसगढ़ शासन से मिल रही विकास कार्यों के लिए राशि का भी पूरा विवरण दिया उन्होंने नगरी में पुरानी बस्ती से मोदे पर ब्रिज की एक बड़ी स्वीकृति दी।




RAIPUR BUSINESS HUB
ITR फाईल बनवाएं मात्र 500/-
GST रजिस्ट्रेशन | TDS रिफंड
CMA DATA | BALANCE SHEET
MSME रजिस्ट्रेशन | फूड लाइसेंस
प्रोजेक्ट रिपोर्ट | TAX AUDIT
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
(व्हाट्सएप पर भी बनवाएं)
संपर्क - शेखर गुप्ता 9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

दैनिक
# विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर, शनिवार 23 मई 2026

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संपादकीय

### नीतिगत बहसें हाशिये पर चली गईं....

पहले चुनाव बिल्कुल दोषमुक्त होते थे ऐसा नहीं कहा जा सकता। लेकिन तब उन्हें ऐसे युद्ध की तरह भी नहीं लड़ा जाता था, जिसमें विरोधी को समूल नष्ट कर देने की भावना हो। कभी चुनाव को लोकतंत्र का उत्सव समझा जाता था। तब चुनाव बिल्कुल दोषमुक्त थे या वे पूरी तरह स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से आयोजित होते थे, ऐसा नहीं कहा जा सकता। लेकिन तब उन्हें ऐसे युद्ध की तरह भी नहीं लड़ा जाता था, जिसमें विरोधी को समूल नष्ट कर देने की भावना हो। अब ऐसा ही नजारा खास कर वैसे राज्य में देखने को मिलता है, जहां कोई गैर-भाजपा दल अब तक मजबूती से खड़ा रहा हो। पश्चिम बंगाल में इस बार विधानसभा चुनाव कुछ ऐसे ही माहौल में संपन्न हुआ। एसआईआर प्रक्रिया सहित अन्य मामलों में निर्वाचन आयोग की विवादित भूमिका से लेकर अर्धसैनिक बलों द्वारा घेराबंदी और केंद्रीय जांच एजेंसियों की एकतरफा जैसी दिखने वाली कार्रवाइयों के निशाने पर ममता बनर्जी रहीं। भाजपा नेतृत्व ने अब अपनी पहुंच से बाहर रहे इस किले को जीत लेने की व्यूह-रचना में किसी राजनीतिक मान-मर्यादा का ख्याल नहीं रखा। ये कहने का अर्थ कतई यह नहीं है कि ममता बनर्जी नैतिक या मर्यादित राजनीति करती हैं। उनकी सियासत में भी बाहुबल और तोड़-जोड़ का उतना ही पुट रहा है। उनकी सफलता में ऐसे रुझानों का योगदान है। बहरहाल, यही ध्यान देने की बात है। अब चुनावों में ऐसी प्रवृत्तियां ही निर्णायक महत्त्व की हो गई हैँ। इसका शिकार विकास और राष्ट्र-निर्माण से संबंधित मुद्दे बने हैं। नीतिगत बहसें हाशिये पर चली गई हैँ। जन-कल्याण के नाम पर अधिक से अधिक यही नजर आता है कि तमाम पार्टियां बैंक खातों में नकदी डालने के वादे बढ़-चढ़ कर करती हैं। उन्हें उससे भी ज्यादा भरोसा जाति-धर्म जैसे बांटने वाले मुद्दों पर लोगों को गोलबंद करने की रणनीति पर रहता है। ऐसे संकेत हैं कि इस बार केरल के विधानसभा चुनाव में भी ऐसे पहचान-गत मुद्दे प्रमुख हो गए। यानी जिस राज्य की राजनीतिक चर्चा के केंद्र में शिक्षा और स्वास्थ्य, और विकास संबंधी योजनाएं रहती थीं, वहां भी अगड़े- पिछड़े, हिंदू- मुस्लिम- ईसाई जैसी अस्मिताओं पर ध्रुवीकरण के संकेत मिले। ऐसे में उत्सव जैसे माहौल का गायब हो जाना लाजिमी ही है। उलटे अब हर चुनाव एक तरह का जख्म छोड़ कर जाने लगा है!

# दुनिया का अमरीका से डगमगाता विश्वास

**डा. अश्वनी महाजन**



कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि दुनिया में एक ओर जहां डॉलर का प्रभुत्व कम हो रहा है, वहीं दुनिया एकध्रुवीय प्रणाली से बदलकर बहुध्रुवीय होती जा रही है। डॉलर के महत्व की कमी अचानक नहीं हुई, बल्कि यह एक लंबी प्रक्रिया के कारण हो रहा है। लेकिन इसके साथ ही अमरीका आज एकमात्र बड़ी महाशक्ति नहीं, बल्कि दुनिया की बड़ी शक्तियों में से एक है कुछ समय पूर्व एक खबर आई कि सऊदी अरब अब डॉलर के साथ-साथ अन्य करेंसियों में भी तेल का व्यापार करेगा। यह वैश्विक आर्थिक जगत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और कुछ हद तक आश्चर्यजनक खबर भी थी। पिछले कई दशकों से दुनिया के तेल व्यापार में डॉलर का प्रभुत्व बना हुआ है और अभी भी विश्व के कुल तेल व्यापार का 80 प्रतिशत डॉलर के माध्यम से होता रहा है। 1973 के तेल संकट के बाद, 1974 के मध्य में अमरीका और सऊदी अरब के बीच आगामी 50 वर्षों के लिए एक रणनीतिक समझ बनी कि सऊदी अरब तेल की कीमत अमरीकी डॉलर में तय करेगा। वह तेल से होने वाली अतिरिक्त कमाई को अमरीकी संपत्तियों (जैसे ट्रेजरी बॉन्ड इत्यादि) में निवेश करेगा। इसके बदले में, अमरीका ने उसे सैन्य सहायता और सुरक्षा की गारंटी प्रदान की। वर्ष 2024 में उस समझ या यूं कहें तो समझौते की अवधि की समाप्ति होने के बाद तत्कालीन अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन ने उस समझौते का नवीनीकरण नहीं किया, जिसके कारण सऊदी अरब अब स्थानीय करेंसियों में तेल बेचने के लिए स्वतंत्र हो गया है, और उसके लिए चीनी युआन, जापानी येन और भारतीय रुपए सहित कई अन्य करेंसियों में तेल का व्यापार करने का मार्ग खुल गया है। गौरतलब है कि अमरीका के साथ सऊदी अरब का 50 वर्ष का वो समझौता उस समय समाप्त हुआ, जब ब्रिक्स देश अमरीकी डॉलर के स्थान पर स्थानीय करेंसियों को वरीयता देने की ओर प्रयास कर रहे थे। ब्रिक्स सम्मेलनों में रूस और चीन सहित कुछ देश अब डी-डालराईजेशन की बात जोर-शोर से करने लगे हैं। हालांकि भारत खुलेतौर पर डी-डालराईजेशन का समर्थन तो नहीं करता, लेकिन अपने आर्थिक हितों के संरक्षण हेतु रुपयों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार भुगतान करने की ओर ठोस प्रयास कर रहा है। गौरतलब है कि भारत के बड़े व्यापार साझेदार देशों ने इस संबंध में वास्ट्रो खाते खोलकर रुपयों में भुगतान का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। विश्व में, पिछले लंबे समय से अमरीकी डॉलर का प्रभुत्व कम होने के संकेत मिलते रहे हैं, लेकिन पिछले दो वर्षों में डॉलर पर दुनिया का विश्वास कुछ अधिक तेजी से डगमगाया है। हालांकि आज भी डॉलर दुनिया के लिए प्राथमिक करेंसी के रूप मे बरकरार है, लेकिन पिछले कुछ समय से दुनिया डॉलर से लगातार विमुख हो रही है। हालांकि अभी भी दुनिया के 90 प्रतिशत विदेशी मुद्रा लेन-देन डॉलरों में होते हैं, और 54 प्रतिशत वैश्विक निर्यात के बिल डॉलरों में व्यक्त किए जाते हैं, लेकिन डॉलर जिसकी वैश्विक रिजर्व करेंसी में हिस्सेदारी वर्ष 2000 में 71 से 72 प्रतिशत होती थी, यूरो के प्रादुर्भाव के चलते वर्ष 2010 तक वह 61 प्रतिशत तक पहुंच गई थी, और 2019 तक यह उसी स्तर पर बनी रही। लेकिन वर्ष 2020 से यह निरंतर घटती जा रही है और वर्ष 2023 में डॉलर का वैश्विक रिजर्व करेंसी में योगदान घटकर 58 प्रतिशत और 2025 में 56.3 प्रतिशत तक पहुंच गया, और यह घटता ही जा रहा है, और आज यह पिछले 30 सालों में न्यूनतम स्तर पर है। इस बात को समझने की जरूरत है कि डॉलर पर दुनिया का विश्वास पूर्व की तुलना में क्यों डगमगाया हुआ है? क्यों अब दुनिया के देश डॉलर को त्याग अन्य करेंसियों को वरीयता देने लगे हैं। इसको समझने के लिए हमें वैश्विक परिस्थितियों को समझना पड़ेगा। सर्वप्रथम, अमरीका द्वारा वित्त के हथियारीकरण के कारण दुनिया भर का अमरीकी प्रशासन पर विश्वास कमजोर हुआ है। बार-बार अमरीका द्वारा लगाए जाने वाले प्रतिबंधों और विदेशी (रूसी) रिजर्व परिसंपत्तियों को जब्त करने की कार्यवाही ने एक प्रकार से खतरे की घंटी जैसा काम किया और विरोधी एवं सहयोगी दोनों देशों को ऐसा लगने लगा कि डॉलर आधारित व्यवस्था कोई तटस्थ व्यवस्था नहीं है और अमरीका द्वारा उसे हथियार के रूप में कभी भी इस्तेमाल किया जा सकता है। कुछ दिन पूर्व फ्रांस द्वारा अमरीका के पास रखे अपने सोने के भंडार को वापस स्वदेश लाने का निर्णय भी इसी अविश्वास का परिणाम है। दूसरे, अमरीकी राजकोष जिसमें पहले काफी स्थायित्व रहता था, लेकिन पिछले कुछ समय से अमरीकी सरकार का कर्ज लगातार बढ़ते हुए 35 खरब (ट्रिलियन) डॉलर तक पहुंच गया है, जो उसकी जीडीपी का 122.6 प्रतिशत है। यही नहीं, अमरीका में बारंबार कर्ज के बढ़ते स्तर के चलते अमरीकी संसद और राष्ट्रपति के बीच टकराव होने और साथ ही साथ अमरीकी शटडाउन की घटनाएं बार-बार हो रही हैं, जो अमरीकी राजस्व में दीर्घकालीन घाटे की ओर इंगित कर रहा है। इसलिए भी दुनिया की रिजर्व करेंसी के रूप में डॉलर की स्वीकार्यता घट रही है। तीसरे, अमरीकी केन्द्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की स्वायत्तता के चलते डॉलर के स्थायित्व पर दुनियाभर का विश्वास था। लेकिन अब अमरीकी प्रशासन द्वारा फेडरल रिजर्व की स्वायत्तता को लगातार चुनौती दी जा रही है, जिसके चलते फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता और प्रतिष्ठा पर प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। दुनियाभर के आर्थिक विशेषज्ञ इस वजह से भी डॉलर की प्रतिष्ठा गिरने की बात प्रमुखता से कर रहे हैं। डॉलर का स्थान घटाने में वैश्विक बदलाव भी मददगार : गौरतलब है कि दुनिया में बहुत से तकनीकी, भू-राजनीतिक और आर्थिक बदलाव हो रहे हैं, पूर्व में विश्व में लेनदेन की प्रक्रिया में 'स्विफ्ट' प्रणाली का प्रभुत्व था। स्थिति यह थी कि विश्व में प्रत्येक लेनदेन पश्चिमी देशों के प्रभुत्व वाले स्विफ्ट द्वारा संचालित होता था। स्विफ्ट में लेनदेन में डॉलर, यूरो, इंग्लैंड के पाऊंड आदि का प्रादुर्भाव रहता था। लेकिन एकतरफ अमरीका द्वारा अन्य देशों पर बार-बार प्रतिबंध लगाने की धमकी और कार्यवाही के चलते, अब चीन द्वारा विकसित एक वैकल्पिक समानांतर तंत्र, क्रासबार्डर इंटरबैंक पेमेंट सिस्टम (सीआईपीएस) का उपयोग भी होने लगा है। 2025 के प्रारंभ में 45 खरब युआन के लेनदेन 'स्पिस' के माध्यम से हुए। इस बात को इंगित करता है कि अमरीका की दादागिरी और अन्य ताकतों के उदय ने भी डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देने का काम किया है। दूसरे, अब देशों के केंद्रीय बैंक, डॉलर की बजाय सोने में भी रिजर्व रखने लगे हैं। उदाहरण के लिए 2010 में चीन के रिजर्व में सोना मात्र 1 से 1.5 प्रतिशत ही होता था, आज चीन के विदेशी मुद्रा रिजर्व में सोने का हिस्सा 7 प्रतिशत पहुंच चुका है। भारत में भी सोने का हिस्सा 2010 में मात्र 6 से 7 प्रतिशत था, जो अभी तक 16.7 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यही स्थिति कमोबेश हर बड़े देश में देखने को मिल रही है। यानी अब देश डॉलर से विमुख होकर किसी और करेंसी पर विश्वास जताने की बजाय सोने के रिजर्व बढ़ाने पर ध्यान दे रहे हैं। तीसरे, डॉलर के प्रभुत्व के चलते देशों को बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा, अधिकांशतः डॉलर का भंडार रखना पड़ता था। जिसका नुकसान यह होता था कि उससे उनको कोई प्रतिफल भी नहीं मिलता था। लेकिन आज अधिक से अधिक देश जैसे, रूस, भारत, ब्राजील इत्यादि स्थानीय करेंसियों या चीनी युआन में लेनदेन और निपटान कर रहे हैं। इसके कारण भी डॉलर का महत्व कम हो रहा है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि दुनिया में एक ओर जहां डॉलर का प्रभुत्व कम हो रहा है, वहीं दुनिया एकध्रुवीय प्रणाली से बदलकर बहुध्रुवीय होती जा रही है। डॉलर के महत्व की कमी अचानक नहीं हुई, बल्कि यह एक लंबी प्रक्रिया के कारण हो रहा है। लेकिन इसके साथ ही अमरीका आज एकमात्र बड़ी महाशक्ति नहीं, बल्कि दुनिया की बड़ी शक्तियों में से एक है। बहुध्रुवीय प्रणाली अब एक वास्तविकता बन चुकी है।

## आलेख

# बहुपक्षवाद का संकट और डब्लूटीओ में सुधार की अनिवार्यता

**राजेश अग्रवाल**

बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली औचित्य के गहरे संकट का सामना कर रही है। बीसवीं सदी के उत्तरार्ध और इक्कीसवीं सदी की शुरुआत में, विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) वैश्विक व्यापार का केंद्रीय स्तंभ था, जो नियम-आधारित व्यवस्था की पेशकश करने के साथ तटस्थता, पूर्वानुमेयता और निष्पक्षता का वादा करता था। हालांकि आज, ये वादे काफी कमजोर प्रतीत होते हैं। डब्लूटीओ में विश्वास की कमी, किसी एक विफलता का परिणाम नहीं है, बल्कि यह संरचनात्मक असंतुलन, असमान प्रवर्तन और वैश्विक आर्थिक शक्ति के बदलते स्वरुप के संचयी प्रभाव को प्रतिबिंबित करती है। इस संकट के मूल में है - वैश्विक उत्पादन का अत्यधिक केंद्रीकरण और आक्रामक व्यापार प्रथाओं की निरंतरता। समय के साथ, आपूर्ति श्रृंखलाएँ परस्पर अत्यधिक निर्भर हो गई हैं और उनका वितरण भी असमान है, जहाँ कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाएँ महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर अनुपात से कई गुनी ज्यादा नियंत्रण रखती हैं। हालांकि, इस केंद्रीकरण ने कुछ मामलों में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक कुशल बना दिया है, लेकिन इसने उन्हें काफी हद तक कमजोर भी बना दिया। व्यवधान—चाहे भू-राजनीतिक हो, आर्थिक हो, या पर्यावरण-संबंधी हों—अब प्रणालीगत नतीजे लेकर आते हैं। परिणामस्वरूप, आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरी अब केवल एक आर्थिक चिंता के रूप में नहीं देखी जाती; इसे अब राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक अस्तित्व के मामले के तौर पर देखा जाने लगा है। धारणा में हुए बदलाव ने नीतिगत प्रतिक्रियाओं की एक ऐसी लहर को जन्म दिया है, जो बहुपक्षवाद के मौलिक सिद्धांतों को चुनौती देती हैं। देश घरेलू हितों की रक्षा के लिए संरक्षण उपायों, आक्रामक औद्योगिक नीतियों और निर्यात नियंत्रण को अपना रहे हैं। हालांकि ऐसी रणनीतियाँ अल्पकालिक सहनशीलता ला सकती हैं, लेकिन वे डब्लूटीओ की सहयोग भावना और कानूनी रूपरेखा को अक्सर कमजोर कर देती हैं। तकनीकी अवरोध, महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं पर नियंत्रण और भू-राजनीतिक प्रभाव के उपकरण के रूप में बाज़ार पहुंच का बढ़ता उपयोग एक व्यापक परिवर्तन का संकेत देता है- व्यापार अब केवल आर्थिक लेन-देन ही नहीं, बल्कि रणनीतिक शक्ति के बारे में है। डब्लूटीओ सदस्यों के बीच एक व्यापक रूप से मान्य दृष्टिकोण यह है कि संगठन प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को उनके प्रतिबद्धताओं के प्रति जवाबदेह ठहराने में अक्षम रहा है और इसने वर्तमान स्थिति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जब नियम असमान रूप से लागू किए जाते हैं या प्रवर्तन तंत्र विफल हो जाते हैं, तो प्रणाली में विश्वास कमजोर हो जाता है। कई देशों में, विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के देशों में, यह धारणा मजबूत हुई है कि डब्लूटीओ अब एक निष्पक्ष मध्यस्थ के रूप में कार्य नहीं करता। इसके बजाय, इसे एक ऐसे संस्थान के रूप में देखा जाता है, जो तेजी से बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था की वास्तविकताओं के प्रति अनुकूल होने के लिए संघर्ष कर रहा है। इस संदर्भ में, सुधार प्रयासों का केंद्रीय उद्देश्य डब्लूटीओ की विश्वसनीयता को बहाल करना हो गया है। यद्यपि डब्लूटीओ सुधार की आवश्यकता पर सदस्यों के बीच व्यापक सहमति है, फिर भी इसे हासिल करने के तरीके पर सहमति न के बराबर है। सुधार की संरचना और विषय वस्तु पर बहसें लगातार विवादास्पद होती जा रही हैं। याओंडे के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में, सदस्यों ने डब्लूटीओ के मूलभूत सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की, जिनमें निष्पक्षता, पारदर्शिता, समावेश और सहमति-आधारित निर्णय शामिल हैं। इन सिद्धांतों ने लंबे समय से डब्लूटीओ को अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से अलग बनाये रखा है, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी सदस्य, चाहे उनका आकार या उनकी आर्थिक शक्ति कुछ भी हो, वैश्विक व्यापार नियमों को अंतिम रूप देने में अपनी बात रख सकें। हालांकि, इन सिद्धांतों के व्यावहारिक अनुप्रयोग को, विशेष रूप से बहुपक्षीय समझौतों से जुड़ी चर्चाओं में, समस्याओं का सामना करना पड़ा है।

# भारत के डिजिटल शासन की ओर एक बड़ा कदम

**वैभव गग्गर, सुकाम्या वहल**

भारत का डिजिटल इकोसिस्टम तेजी से विकसित हुआ है। ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म अब लोगों के संवाद करने और जानकारी तक पहुँचते के तरीकों में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। इसने जवाबदेही और ऑनलाइन नुकसान को लेकर नई चुनौतियाँ भी पेश की हैं और मौजूदा नियामक व्यवस्था को तदनुसार विकसित होने की आवश्यकता है। इस संदर्भ में, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में किए जाने वाले प्रस्तावित बदलाव, जो 30 मार्च, 2026 को प्रकाशित किए गए हैं, भारत की डिजिटल नियामक व्यवस्था में प्रक्रिया से जुड़ी कमियों को दूर करने के लिए एक बड़े कदम को प्रतिबिंबित करते हैं। इन मसौदा संशोधनों का उद्देश्य भाग ढ्ढ के तहत मंत्रालय द्वारा जारी स्पष्टीकरण, परामर्श और दिशा-निर्देशों के अनुरूप मध्यस्थों के अनुपालन को मजबूत करना और भाग ढ्ढढ्ढ के तहत डिजिटल मीडिया से संबंधित कंटेंट नियमन व्यवस्था की नियामक निगरानी के प्रभाव को बढ़ाना है।

सबसे पहले, नियम 3(1)(जी) और 3(1)(एच) के तहत डेटा रखरखाव की जिम्मेदारियों के संबंध में स्पष्टीकरण है। प्रस्तावित संशोधन स्पष्ट करता है कि रखरखाव आवश्यकताओं से जुड़े नियम; अन्य लागू कानूनों के तहत निर्धारित जिम्मेदारियों के अतिरिक्त हैं। इससे वह अस्पष्टता दूर होती है जिसने कभी-कभी मध्यस्थों को अलग-अलग या न्यूनतम अनुपालन दृष्टिकोण अपनाने की अनुमति दी है। आईटी अधिनियम डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म को अकेले काम करने की अनुमति नहीं देता। उन्हें आपराधिक प्रक्रिया कानून, वित्तीय नियम और केवल उनके उद्योग पर लागू होने वाले नियमों का भी पालन करना होता है। इस अर्थ में, यह स्पष्टीकरण अर्थपूर्ण और आवश्यक है। सबसे महत्वपूर्ण यह कि संशोधन रखरखाव से संबंधित है, पहुँच से नहीं। ऐसे डेटा का खुलासा कानूनी प्रक्रियाओं और सांविधिक सुरक्षा के अधीन रहता है। हालांकि इस प्रकार की एक सामान्य संरक्षण धारा को इस रूप में पढ़ा जा सकता है कि यह उकसाने वाला, अतिव्यापी या यहाँ तक कि मध्यस्थों द्वारा उपयोगकर्ता डेटा के अनिश्चितकालीन रखरखाव के बारे में है, क्योंकि विभिन्न कानूनी दस्तावेज़ आवश्यकता, उद्देश्य की सीमा या आनुपातिकता का संदर्भ दिए बिना ही ऐसी शर्तें लागू करते हैं। ऐसी चिंताओं को दूर करने के लिए एक स्पष्टीकरण जारी किया जा सकता है, यदि भविष्य में ऐसी चिंता सामने आती है। दूसरा, प्रस्तावित नियम 3(4) को जोड़ना है, जो मंत्रालय द्वारा जारी परामर्श, स्पष्टीकरण और मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को आईटी अधिनियम की धारा 79 के तहत दायित्वपूर्ण कर्तव्यों के रूप में बाध्यकारी बनाता है। नियमों की धारा 79 से मध्यस्थों को तीसरे पक्ष के कंटेंट की जिम्मेदारी के लिए एक सशर्त सुरक्षित ठिकाना मिल गया था, बशर्ते कि वे उचित प्रक्रिया का पालन करें और गैरकानूनी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग न लें। बड़े पैमाने पर उपयोगकर्ता-कंटेंट पर नज़र रखने से बचाने के लिए यह मध्यस्थों के लिए एक ढाल के रूप में काम करता था। सर्वोच्च न्यायालय ने श्रेया सिंघल बनाम भारत संघ मामले में कहा कि सुरक्षित ठिकाना परंपरागत रूप से मध्यस्थों को तीसरे पक्ष के कंटेंट के लिए जिम्मेदार ठहराए जाने से बचाता रहा है, जब तक कि वे अवैध गतिविधि के वास्तविक ज्ञान पर कार्रवाई करते हैं। इस सिद्धांत ने प्लेटफार्मों को जानकारी के प्रवाह में तटस्थ बनाए रखने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लेकिन तब से डिजिटल इकोसिस्टम बहुत बदल गया है। प्लेटफार्म अब केवल निष्क्रिय मध्यस्थ नहीं हैं। उनके आकार और एल्गोरिदम उपयोग करने की उनकी क्षमता ने ऑनलाइन नुकसान और लोगों को प्रभावित करने के तरीकों को बदल दिया है। इस स्थिति में, केवल न्यायालय के आदेश या औपचारिक नोटिस पर प्रतिक्रिया देने वाला मॉडल धीरे-धीरे अप्रभावी हो जाता है। नियम 3(4) शासन को अधिक लचीला बनाकर इस कमी को दूर करता है। यह कंटेंट हटाने के लिए कानूनी आदेशों की आवश्यकता को खत्म नहीं करता; इसके बजाय, यह कार्यकारी उपकरणों के माध्यम से, समग्र रूप से प्लेटफ़ॉर्मों के कार्य करने के तरीके को निर्देशित करने का प्रयास करता है। संभावित अतिशयोक्ति के बारे में वैध चिंताएं हैं, लेकिन तथ्य यह है कि सुरक्षित ठिकाना शर्तों पर आधारित है, इसका हमेशा मतलब रहा है कि उचित कार्रवाई मानक बदल सकते हैं। चीजों को और अधिक वैध बनाने के लिए, यह समझदारी होगी कि इस प्रकार की सलाहें और एसओपी पारदर्शिता के उपायों के साथ जारी किये जाएँ, जैसे प्रकाशन, अच्छी तरह से सोचा गया कारण, और यदि संभव हो तो, हितधारकों से परामर्श। तीसरे, संशोधन प्रस्तावित करता है कि नियम 8.1 की उपधारा को इस तरह बदल दिया जाए कि भाग ढ्ढढ्ढ के नियम 14, 15 और 16 न केवल प्रकाशकों पर लागू हों बल्कि मध्यस्थों पर और उपयोगकर्ताओं द्वारा मध्यस्थों के कंप्यूटर संसाधनों पर प्रकाशित समाचार और समसामयिक घटनाक्रम कंटेंट पर भी लागू हों, जो प्रकाशक नहीं हैं। उपयोगकर्ता और प्रकाशक के बीच का अंतर स्पष्ट नहीं है। यह डिजिटल मीडिया निरीक्षण फ्रेमवर्क के दायरे में एक महत्वपूर्ण विस्तार है, जो पहले मुख्य रूप से समाचार और संकलित कंटेंट के संगठित प्रकाशकों के प्रति केंद्रित था। संशोधन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कहीं से भी आने वाले कंटेंट के मामले में गंभीर नियम उल्लंघनों को निपटाया जा सके तथा इसके लिए ऐसे कंटेंट को नियम 14 से 16 में शामिल किया गया है। यह पारंपरिक प्रकाशकों और कार्यात्मक रूप से समान गतिविधियों में लगे डिजिटल-स्थानीय कर्मियों के बीच समानता को और बढ़ावा देता है। इस प्रकार, संशोधन नियामक समानता को बढ़ावा देता है और वर्तमान फ्रेमवर्क में संरचनात्मक कमी को ख़त्म करता है। इसके साथ ही एक विचारशील फीडबैक बिंदु यह है कि भाग ढ्ढढ्ढ का उपयोग उपयोगकर्ता-जनित कंटेंट पर गंभीर और प्रणालीगत नुकसान तक ही सीमित रहना चाहिए।

# दक्षिण भारत में सियासी बदलाव के निहितार्थ

**पवन कुमार शर्मा**

2021 चुनाव में सुपरस्टार कमल हासन की मक्कल निधि मय्यम को 2.62 फीसदी वोट मिले और सीट एक भी नहीं। मतलब स्टार पावर अकेले नहीं चलती, पार्टी संगठन की मजबूती बहुत जरूरी है केरल में 2026 विधानसभा चुनाव में एलडीएफसरकार के सत्ता से हटने के बाद, भारत के नक्शे पर एक भी राज्य ऐसा नहीं बचा जहां वामपंथी दलों का सीधा शासन हो। 1967 के बाद पहली बार ऐसा हुआ है जब वामपंथ के तीन गढ़ों- त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल और केरल में से एक में भी वे सत्ता में नहीं हैं। यह चुनावी हार भारतीय राजनीति में लेफ्ट के खात्मे का संकेत है। केरल में लेफ्ट फ्रंट वैकल्पिक रूप से सत्ता में आता रहा है। 2021 में एलडीएफने 99 सीटें जीतकर इतिहास रचा था। यह पहली बार था जब वहां कोई गठबंधन लगातार दूसरी बार जीता। लेकिन 2024 लोकसभा चुनाव में एलडीएफको 19 में से महज 1 सीट मिली जबकि यूडीएफको 18 सीटें मिलीं। यह संकेत था कि 2026 विधानसभा में बदलाव होगा और ऐसा हुआ भी। केरल में एलडीएफका वोट शेयर 2021 में 49 फीसदी के मुकाबले गिरकर 2026 में 34 फीसदी रह गया। जबकि यूडीएफका वोट शेयर 38 फीसदी से बढक़र 48 फीसदी हो गया, यानी 10 प्रतिशत का उछाल। भारत में वामपंथी दलों का राष्ट्रीय वोट शेयर बीते 35 वर्षों से लगातार गिर रहा है। 1989 लोकसभा चुनाव में लेफ्ट को 8.03 फीसदी वोट और 53 सीटें मिली थीं। 2014 लोकसभा में यह वोट शेयर घटकर 4.08 प्रतिशत और 10 सीटों तक सीमित हो गया। 2019 लोकसभा चुनाव में लेफ्ट को महज 2.93 फीसदी वोट और 5 सीटें मिलीं। 2024 लोकसभा में यह घटकर 2.63 प्रतिशत और महज 7 सीटों तक सिमट गया। राष्ट्रीय परिदृश्य में वामपंथ के सिमटने के तीन मुख्य कारण हैं- पहला, क्षेत्रीय दलों का उदय। पश्चिम बंगाल में टीएमसी, त्रिपुरा में बीजेपी, केरल में कांग्रेस ने वामपंथी मतदाता को खींचा। वामपंथी वोटर अब विचारधारा से ज्यादा सत्ता-विरोध और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर वोट करता है। दूसरा, आर्थिक मॉडल की चुनौती। केरल में 94 फीसदी साक्षरता है, लेकिन बेरोजगारी 12 फीसदी है। वहीं बीजेपी और कांग्रेस ने विकास व रोजगार का नारा देकर युवाओं को आकर्षित किया। तीसरा, राष्ट्रीय राजनीति में 2014 के बाद वामपंथी दलों ने कांग्रेस से दूरी बना ली। राष्ट्रीय बहस में आर्थिक मुद्दों की जगह पहचान, राष्ट्रवाद ने ले ली जहां वामपंथी



नैरेटिव कमजोर पड़ता है। दक्षिण भारत के एक दूसरे राज्य तमिलनाडु की राजनीति भारत में सबसे अलग रही है। यहां न तो कांग्रेस का एकाधिकार कभी पूरी तरह बना और न ही बीजेपी का सीधा प्रवेश हुआ। इसका कारण है द्रविड़ आंदोलन और पेरियार ईवी रामासामी की विचारधारा जिसने बीते 80 वर्षों से राज्य की सत्ता को परिभाषित किया। तमिलनाडु की राजनीति की जड़ें 1920 के दशक में हैं। ईवी रामासामी पेरियार ने 1925 में आत्मसम्मान आंदोलन शुरू किया। इसका नारा था- ब्राह्मणवाद का विरोध, जाति व्यवस्था का उन्मूलन, महिलाओं की बराबरी और तर्कवाद। पेरियार ने हिंदी विरोध, मंदिरों में पुजारियों के एकाधिकार और आरक्षण की मांग को सबसे पहले उठाया। 1938 में हिंदी अनिवार्यता के खिलाफआंदोलन में पेरियार की पत्नी नागम्माई और बहन मुथम्मल ने 1700 महिलाओं के साथ जेल भराव किया। इसी आंदोलन से सीएन अन्नादुराई निकले जिन्होंने 1949 में द्रविड़ मुनेत्र कडगम (डीएमके) बनाई। 1967 में डीएमके ने पहली बार कांग्रेस को हराया। इस चुनाव में डीएमके को 138 सीटें, कांग्रेस को 50 सीटें मिलीं। यह दक्षिण भारत में कांग्रेस की पहली बड़ी हार थी। 1967 के बाद तमिलनाडु में राजनीति दो ध्रुवों में बंट गई। एक तरफ पेरियार के तर्कवाद, तमिल पहचान और सामाजिक न्याय पर जोर के साथ डीएमके थी तो दूसरी ओर 1972 में एमजी रामचंद्रन द्वारा बनाई गई एआईडीएमके यानी ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कडग़म। एमजीआर ने डीएमके से अलग होकर फिल्मी लोकप्रियता और अम्मा छवि से राजनीति की। एआईडीएमके ने द्रविड़ पहचान मानी पर पेरियार की उग्रता को कम किया। 1977-1989 के बीच एमजीआर के नेतृत्व में एआईडीएमके 3 बार सत्ता में आई। फिर 2011 तक अगले तीन टर्म तक डीएमके का शासन रहा। 2011-2021 में जयलिता के नेतृत्व में एआईडीएमके 10 साल फिर सत्ता में आई। 2021 में एमके स्टालिन के नेतृत्व में डीएमके फिर सत्ता में आई। कुल मिलाकर 54 वर्षों में डीएमके और एआईडीएमके ने मिलकर 50 साल शासन किया। फिल्म सुपरस्टार रजनीकांत ने 1996 से ही राजनीति में आने के संकेत दिए। 2020 में पार्टी लॉन्च होने की बातें भी हुईं, लेकिन 2021 विधानसभा चुनाव में वे मैदान में नहीं उतरे। 2017 में आए एक सर्वे के अनुसार, रजनीकांत को 30 फीसदी लोग मुख्यमंत्री देखना चाहते थे, पर दिसंबर 2020 में उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से चुनाव न लडऩे का ऐलान किया। हालांकि अपने फैन क्लब 'रजनी मक्कल मंदरम' के जरिए समाजसेवा की बात उन्होंने जरूर की। तमिलनाडु में रजनीकांत का जबरदस्त फैन बेस है।

## भारतीय जैन मिलन ने जनगणना-2027 के लिए किया स्वगणना शिविर का आयोजन



■ जैन श्रावक बोले हमारी भाषा-प्राकृत है।

**ललितपुर।** भारतीय जैन मिलन वासुपूज्य जिनालय शाखा तालबेहट के तत्वाधान में जनगणना-2027 के लिए स्वगणना शिविर का आयोजन किया गया। देश को सशक्त मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पहली बार ऑनलाइन जनगणना का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 21 मई तक स्वगणना का विकल्प दिया गया। जिसके अंतिम दिन गुरुवार को सायं काल की बेला में आओ मिलकर अपनी पहचान बनाएं, राष्ट्रीय कार्यक्रम में सहभागिता निभाएं थीम पर आधारित स्वगणना शिविर में नये बस स्टैंड पर स्थित वासुपूज्य दिगम्बर जैन मंदिर के आस-पास निवास करने वाले परिवारों की स्वगणना की गयी।

जिसमें जैन श्रावकों ने कहा हमारी भाषा प्राकृत है। इस मौके पर जैन मिलन शाखा के अध्यक्ष विशाल जैन पवा ने कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है तो प्राकृत सभी भाषाओं के जनक हैं जिससे सभी भाषाओं और बोलियों की उत्पत्ति हुई है। यह सबसे प्राचीन भाषा है जिसमें णमोकार महामंत्र लिपिबद्ध है। जनगणना को लेकर बच्चों में भी खूब उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक जितेंद्र कुमार जैन, दशरथ सिंह, सर्वोदय झा, हरीराम कुशवाहा, नवीन भट्ट आदि प्रगणक, मंदिर समिति एवं सकल दिगम्बर जैन समाज का सक्रिय सहयोग रहा। अंत में विशाल जैन पवा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक-13 कोर कमेटी की प्रथम बैठक संपन्न

**ललितपुर।** भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक- 13 की कोर कमेटी की प्रथम बैठक का आयोजन क्षेत्रीय संयोजक वीर आनंद जैन बीमा के स्टेशन रोड स्थित कार्यालय पर क्षेत्रीय अध्यक्ष वीर श्रेयांस जैन गदयाना ललितपुर की अध्यक्षता में महावीर बंदना के साथ किया गया। सर्व प्रथम पिछली बैठक की कार्यवाही पढ़कर पुष्टि की गयी। बैठक में क्षेत्रीय मुख्य संयोजक वीर सनत जैन खजुरिया एवं क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीर अजय जैन वरया वरिष्ठ पत्रकार को कोर कमेटी बैठक का प्रभार सौंपा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर महेंद्र जैन पंचमनगर एवं राष्ट्रीय संयोजक तीर्थ संरक्षण अतिवीर विजय जैन लागोंन को क्षेत्रीय कार्यकारिणी बैठकों का प्रभार सौंपा। सभी क्षेत्रीय संयोजक शाखा को शाखाओं की नियमित बैठक, केंद्रीय शुल्क एवं आयोजित राष्ट्रीय,क्षेत्रीय, शाखाओं के कार्यक्रमों में शामिल होकर सहयोग प्रदान करते हुए पत्रिका में समाचार भेजने का कार्यभार सौंपा। सर्व सम्मति से दिनांक 31/05/2026 दिन रविवार को राष्ट्रीय,एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों के साथ शाखा अध्यक्ष, मंत्रियों की कार्यशाला एवं क्षेत्रीय कार्यकारिणी की बैठक ललितपुर में करने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय प्रथम कार्यकारिणी की बैठक में उपस्थित होने हेतु अष्टापद क्षेत्र क्रमांक-13 से लगभग 34 वीर-वीरांगना पहुंच रहें है सभी की यात्रा मंगलमय हो ऐसी शुभकामनाएं दी।

## सरकारी भवनों, आश्रय स्थलों और जन सुविधा केंद्रों से किराया कमाने में लगी है सरकार

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** तिल्दा नगर पालिका में गरीब, जरूरतमंद लोगों के उपयोग के लिए बनाएं गए आश्रय स्थल को 21 हजार रुपए महीने किराए पर व्यापारियों को दिया जाने पर आपत्ति दर्ज कराते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि भाजपा की सरकार का लक्ष्य केवल मुनाफाखोरी है। कमीशनखोरी के लालच में जन सुविधाओं के लिए किए गए निर्माण को भी व्यावसायिक उपयोग के लिए अपने चहेतों को नियम विरुद्ध तरीके से दिया जा रहा है। यह पहली बार नहीं है, पहले भी अंबिकापुर में संचालित सी मार्ट के भवन में प्रीमियम दारू दुकान खोलें, घुमका के गौठान और संडी के शमशान में शराब दुकान खोले गए अब तिल्दा नगर पालिका में गरीबों के आश्रय स्थल में दुकानें खुलवा दी गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि शासन की आश्रय स्थलों के निर्माण और



संचालन की यह योजना किसी निजी किराएदारी या व्यावसायिक उपयोग के लिए नहीं बनाई गई थी, लेकिन भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के लिए पैसों का लेनदेन करके इसे व्यापारियों को दे दिया गया है। जनता के पैसों से निर्मित जरूरतमंदों की सुविधा के लिए बनाए गए आश्रय स्थल को इस तरह से व्यावसायिक उपयोग के लिए सौंपना न केवल नियम विरुद्ध है बल्कि अनैतिक भी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सरकारी संपत्तियों के खुलेआम दुरुपयोग पर सत्ता और प्रशासन का मौन, संगठित लूट और आर्थिक अपराध का प्रमाण है।

ग्राम विकासः एक अभिनव प्रयास

## एनएमडीसी द्वारा दक्षिण बस्तर में 1700 बच्चों के लिए समर कैंप का शुभारंभ

**हैदराबाद (विश्व परिवार)।** जनजातीय समुदायों के बच्चों के पोषण और उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से शुरू की गई एक अनूठा प्रयास के तहत, एनएमडीसी ने 20 मई से 15 जून 2026 तक दंतेवाड़ा जिले के 17 गांवों में समर कैंप ग्रीष्मकालीन शिविर का शुभारंभ किया है । इस अनूठी पहल के माध्यम से गर्मी की छुट्टियों के दौरान लगभग 1700 बच्चों को अनुभवात्मक शिक्षण (experiential learning), रचनात्मकता तथा खेलकूद से जोड़ने की रूपरेखा तैयार की गई है । हालांकि अधिकांश गांवों में ये गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं, फिर भी बच्चों



की संख्या बढ़ाने व जुटाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं । वर्तमान में, एनएमडीसी समर कैंप में प्रत्येक गांव से प्रतिदिन 30 से 40 बच्चों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है । इस शिविर में बच्चे प्रतिदिन तीन से चार घंटे का सफलता, खुशहाली व मनोरंजन का समय बिता रहे हैं, जिसके तहत वे पठन-पाठन, शिल्प कार्य (क्राफ्टवर्क) और संगीत कार्यशालाओं में भाग लेते हैं।

## सरकार उर्वरकों की उपलब्धता पर श्वेत पत्र जारी करें - कांग्रेस

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** खरीफ के लिए खाद उपलब्ध करवा पाने के मामले में सरकार ने ठोस प्रयास शुरू नहीं किया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कृषि मंत्री केवल मीडिया में बयान देकर अपने कर्तव्य की पूर्ति समझ लिए है। सरकार ने अभी तक उर्वरकों की व्यवस्था के बारे में निश्चित बनी हुई है। अभी तक सरकार को किसानों की जरूरत के अनुसार सोसायटियों से मांग का डाटा एकत्रित कर सभी सोसायटियों में खाद पहुंचाना शुरू कर देना चाहिए। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सरकार बताये कि इस वर्ष कितने उर्वरकों की जरूरत का आंकलन किया गया तथा सरकार के पास कितनी उपलब्धता की व्यवस्था की गयी है? सरकार उर्वरकों की उपलब्धता पर श्वेत पत्र जारी करें। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा की सरकार आदतन किसान विरोधी है, पिछले खरीफ सीजन में खाद का संकट छत्तीसगढ़ के किसानों ने भोगा हैं, अब फिर वही स्थिति बन रही है।

## लोगों की बात का तब फर्क पड़ता है..जब आपको किसी बात से कोई फर्क नहीं पड़ता..! अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज

**औरंगाबाद नरेंद्र पियुष जैन।** परतापुर बांसवाड़ा राजस्थान अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज एवं उपाध्याय पियूष सागरजी महाराज ससंघ की अहिंसा संस्कार पदयात्रा दिक्षा भुमी परतापुर बांसवाड़ा राजस्थान में विराजमान हैं उनके सानिध्य में वहां हर रोज विभिन्न धार्मिक कार्योंकम संपन्न हो रहें हैं उसी श्रुंखला में उपस्थित गुरु भक्तों को संबोधित करते हुए आचार्य श्री प्रसन्न सागरजी महाराज ने कहा कि। इसलिए सुखी से जीवन जीना है तो अजनबी बनकर जीना शुरू कर दो। मैं देख रहा हूँ -- आज संसार में सभी जान पहचान बढ़ाने में लगे हुये हैं। हमें जितना अधिक लोग जानते हैं, हम अपने आप को उतना ही महान मानते हैं, और कहते है -- आई एम समथिंग। मैं कहता हूँ - नथिंग।

हमें जितना अधिक लोग जानते हैं, हम अपने आपको उतना ही सेफ समझते हैं और अपने अहंकार को पुष्ट करते हैं।



परन्तु जो जाने पहचाने से लगते हैं, वे असलियत में अजनबी ही होते हैं। क्योंकि जो पहचान है -- वह नाम, पता, व्यापार, परिवार, कद, पद, पैसे आदि की बाहरी चीजों की दुनिया से होती है। हम भी उसी को अपनी पहचान समझते हैं। यदि हम एक दूसरे को जानते पहचानते होते, तो हर आदमी अपने आप को अकेला महसूस नहीं करता।

आज आदमी सबके साथ होकर भी अकेलेपन का जीवन जी रहा है। यह जान पहचान रिश्ते-नाते सब बाहरी आकर्षण के केन्द्र है। सत्य यही है। जैसे - विशाल समन्दर में अथाह जल राशी होने के बाद भी वह एक की प्यास नहीं बुझा पाता। इस विरोधाभास को कैसे समझायें- ?

## मुख्यमंत्री ने पीएम आवास हितग्राही के मकान में सोखता गड्ढा निर्माण में किया श्रमदान

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज सुशासन तिहार में ग्राम करहीबाजार में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही राजकुमारी के गृहप्रवेश में शामिल हुए। उन्होंने नई शुरुआत के लिए राजकुमारी बेटा और बहु को विघ्नहर्ता श्री गणेश की प्रतिमा देकर उनके सुखी जीवन की कामना की।

इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने भूमिगत जल संचयन हेतु संचालित मोर गांव मोर पानी अभियान 2.0 के तहत हितग्राही के आवास में सोखता पिट निर्माण में श्रमदान भी किया। मुख्यमंत्री ने हाथ में कैचा लेकर सोखता गड्ढा निर्माण हेतु ईट जोड़ाई कर जल संचय का सन्देश दिया। इस दौरान उन्होंने जल संरक्षण हेतु ग्रामीणों को प्रेरित कर रही जल संचयन दीदी श्रीमति बेबी सेन और श्रीमती अम्बे मानिकपुरी से बातचीत की और इस अभियान में उनके योगदान की सराहना की। उल्लेखनीय है कि मोर गांव, मोर पानी अभियान अंतर्गत जिले में विगत 2 माह में डेढ़ लाख स्व अधिक जल संरचना का निर्माण किया गया है। करहीबाजार में लगभग 430 मकानों में



सोखता गड्ढा बनाए जा चुके हैं। जिले के 74 हजार पीएम आवास में सोखता गड्ढा का निर्माण कर लिया गया है।

## एसडीएम अभिलाषा ने किया दुर्लभ पोथी एवं हस्तलिखित उपन्यास का अवलोकन

■ सर्वेक्षण में मिली 91 वर्ष पुरानी दुर्लभ पोथी

**आरंग ( विश्व परिवार )।** जिला कलेक्टर रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में आरंग क्षेत्र में %ज्ञानभारतम मिशन% अभियान के तहत ऐतिहासिक और साहित्यिक धरोहरों को सहेजने का एक अनूठा और सराहनीय कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में आरंग के अग्रवाल पारा निवासी डॉ. संतोष अग्रवाल के निवास पर दशकों पुरानी दुर्लभ पांडुलिपियां प्राप्त हुई हैं, जिनका प्रशासनिक अधिकारियों ने विशेष रूप से अवलोकन कर टीम का उत्साहवर्धन किया। सर्वे अभियान के दौरान डॉ. संतोष अग्रवाल के



यहां उनके दादा स्वर्गीय सहदेव साव एवं स्वर्गीय गोविंद साव के समय की 91 वर्ष पुरानी दुर्लभ रामचरितमानस पोथी और ठग की स्वीकारोक्ति' नामक हस्तलिखित उपन्यास की ऐतिहासिक पांडुलिपि सुरक्षित मिली।

इस विशेष उपलब्धि की जानकारी मिलते ही अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अभिलाषा पैकरा एवं जनपद पंचायत सीईओ अभिषेक बनर्जी ने मुस्कान प्रिंटर्स स्थित उनके निवास स्थल पर पहुंचकर इन दुर्लभ धरोहरों का अत्यंत बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान डॉ. अग्रवाल ने अधिकारियों को अपने परिवार में पीढ़ियों से सुरक्षित व पूजित 150 वर्ष पुराने भगवान ठाकुर जी के विग्रह के भी दर्शन कराए, जिसे देखकर अधिकारी भावविभोर हो उठे।

## भोपाल में मुनि सुधासागर जी का हो सकता है चातुर्मास

**भोपाल (विश्व परिवार)।** राजधानी के जैन समाज द्वारा चातुर्मास को लेकर बैठक और तैयारियां प्रारंभ हो गई है। जैन धर्म के शीर्ष संत मुनि सुधासागरजी महाराज का मंगल वर्षायोग राजधानी भोपाल में होने की पूरी पूरी संभावना है। राजधानी में इसको लेकर विभिन्न मंदिर समितियों एवं सामाजिक संगठनों की बैठक हो रही हैं।

अपनी भावनाओं का श्रीफल लेकर समाज के अनेकों गुरूभक्त रविवार 24 मई को अपनी श्रद्धा भक्ति और आस्था के साथ अशोक नगर पहुंचेंगे। सूत्रधार रवीन्द्र जैन (पत्रकार) ने जानकारी देते हुए बताया कि मुनिश्री को चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंट करने के लिए सकल जैन समाज उत्साहित हैं। रविवार को प्रात- 6 बजे संकल्प के साथ



गुरूभक्तों ने ठाना हैं, मुनिश्री को भोपला लाना है। सकल जैन समाज एवं राष्ट्रीय जैन शासन एकता संघ के तत्वावधान में राजधानी के 80 मंदिर समितियों के अध्यक्ष एवं विभिन्न सामाजिक संगठन के पदाधिकारी अपनी अपनी टीम के साथ एकसाथ रवाना होंगे।

## कृषि महाविद्यालय का 66वां स्थापना दिवस मनाया गया







■ महाविद्यालय के प्रथम बैच के तीन विद्यार्थियों सहित पूर्व अधिष्ठाताओं एवं पूर्व छात्रों का किया गया सम्मान

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कृषि महाविद्यालय रायपुर के लिए आज का दिन ऐतिहासिक तथा अविस्मरणीय रहा जब यहां इतिहास, वर्तमान एवं भविष्य का संगम देखने को मिला। कृषि महाविद्यालय, रायपुर के 66वें स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय परिवार की तीन पीढ़ियां एकत्र हुई जिनमें कृषि महाविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता एवं प्राध्यापक, वर्तमान कुलपति, कुलसचिव एवं प्राध्यापकगण और वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थी सम्मिलित थे। इस अवसर पर महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह, छात्र संघ शपथ ग्रहण, पूर्व अधिष्ठाता सम्मान तथा पूर्व छात्र सम्मान समारोह का आयोजन भी किया गया जिसके तहत महाविद्यालय के प्रथम बैच के तीन विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के खास मुकाम हासिल करने वाले भूतपूर्व विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही महाविद्यालय के सात पूर्व अधिष्ठाताओं और इसी महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति, कुलसचिव तथा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों का भी सम्मान किया गया। सम्मान समारोह के पश्चात आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह में कृषि महाविद्यालय, रायपुर के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक रंगा-रंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शक-दीर्घा का मन मोह लिया।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के कृषक सभागार में आज दोपहर आयोजित स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल थे। डॉ. चंदेल ने इस अवसर पर नवगठित छात्र संघ के पदाधिकारियों को पद सन्निष्ठा एवं अनुशासन की शपथ दिलाई। एम.एससी. कृषि सांख्यिकी विभाग की छात्रा पुण्य श्री ने अध्यक्ष तथा बी.एससी. चतुर्थ वर्ष की छात्रा अनुष्का चैरसिया ने उपाध्यक्ष पद की शपथ ली। मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद विश्वविद्यालय ने कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं विस्तार सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि कृषि महाविद्यालय, रायपुर विश्वविद्यालय से भी पुराना एवं ऐतिहासिक संस्थान है।

## नवा तरिया आय के जरिया: ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहा नवीन तालाब निर्माण कार्य



**रायपुर (विश्व परिवार)।** महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नवा तरिया-आय के जरिया अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन तालाब निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है।

राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार सभी विकासखण्डों में युक्तधारा पोर्टल एवं ष्ठस्क्क्ञ ऐप के माध्यम से नवा तरिया के लिए उपयुक्त स्थलों का चयन किया गया है।

नवा तरिया निर्माण कार्यों में स्व-सहायता समूह की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि तालाबों के माध्यम से आय के नए स्त्रोत विकसित हो सकें। इसके साथ ही युवाओं एवं ग्रामीणों को भी जनसहयोग के रूप में अभियान से जोड़ने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। जिले में वर्तमान में 26 नवा तरिया स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 21 कार्य प्रगतिरत हैं। इन कार्यों में अभी कुल 3158 मजदूर कार्यरत हैं।

# शिवनंदनपुर नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों को दिया गया प्रथम चरण का प्रशिक्षण

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )** शिवनंदनपुर नगरीय निकाय के निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने की दिशा में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रेना जमील के निर्देशन में जिला पंचायत सूरजपुर के सभाकक्ष में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02 एवं 03 को प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



**नोडल अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ प्रशिक्षण-** प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी (प्रशिक्षण) विजेन्द्र सिंह पाटले के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अजय मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी (सहायक नोडल प्रशिक्षण) सहित सभी सेक्टर अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रशिक्षण की प्रत्येक गतिविधि की सूक्ष्मता से निगरानी की।

**मास्टर ट्रेनर्स ने दी विस्तृत जानकारी:--** प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर श्री पी.सी. सोनी एवं श्री शंभू निषाद द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया, ईवीएम संचालन, मतदाता सूची का मिलान, मतदान सामग्री का रखरखाव, मतदान केन्द्र पर अनुशासन तथा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर्स ने प्रायोगिक एवं सैद्धांतिक दोनों रूपों में अधिकारियों को प्रशिक्षित किया तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

**निष्पक्ष निर्वाचन सम्पन्न कराने की तैयारी:-** कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने निर्देशित किया है कि निर्वाचन कार्य में लगे समस्त अधिकारी-कर्मचारी पूरी निष्ठा, सजगता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि शिवनंदनपुर नगरीय निकाय का निर्वाचन शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हो सके। प्रशिक्षण के अंत में प्रशिक्षणार्थियों को निर्देशित किया गया कि वे प्रशिक्षण में दी गई जानकारी का गहन अध्ययन करें तथा द्वितीय चरण के प्रशिक्षण से पूर्व अपनी समस्त शंकाओं का समाधान कर लें।

# सुशासन तिहार पाठकपुर क्लस्टर में जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन, कुल 755 आवेदन प्राप्त

**सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार )**जनपद पंचायत सूरजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पाठकपुर में विगत दिवस सुशासन तिहार 2026 के तहत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। पाठकपुर क्लस्टर में कुल 17 ग्राम पंचायतें शामिल रहीं।

शिविर में पूर्व में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए बताया गया कि पाठकपुर क्लस्टर के 17 ग्राम पंचायतों से पूर्व में प्राप्त कुल 676 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें 667 मांग संबंधी एवं 09 शिकायतें शामिल थीं। संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा मांग एवं शिकायतों के निराकरण की जानकारी शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को दी गई।

शिविर के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा हितग्राहियों को सामग्री एवं प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा 11 हितग्राहियों को जन्म प्रमाण पत्र, खाद्य विभाग द्वारा 19 हितग्राहियों को राशन कार्ड, तथा कृषि विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को धान बीज एवं स्प्रेयर वितरित किए गए।




वहीं शिविर के दौरान विभिन्न विभागों से नवीन आवेदन भी प्राप्त हुए। इनमें पंचायत विभाग के 20, राजस्व विभाग के 26, खाद्य विभाग के 07, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 04, सीएसईबी के 02, शिक्षा विभाग के 07, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के 01, महिला एवं बाल विकास विभाग के 06, कृषि विभाग के 01, पशुधन विभाग के 02, जल संसाधन विभाग के 02 तथा उद्यान विभाग के 01 आवेदन शामिल रहे। इस प्रकार कुल 78 मांग एवं 01 शिकायत से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें आवश्यक कार्यवाही एवं निराकरण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया। शिविर में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती किरण केराम सिंह, श्री महेश्वर पैकरा, श्री ठाकुर पैकरा, श्री हरिलाल सिंह, श्री अनिल जायसवाल, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती काजल सिंह, श्री हिराधन राजवाड़े, श्री शिव प्रसाद राजवाड़े, जनपद सदस्य श्रीमती लोकांता सिंह सहित ग्राम पंचायत पाठकपुर, कल्याणपुर, मंजीरा, बिहारपुर एवं पोडिपा के सरपंच, संबंधित अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# तारक मेहता का उल्टा चश्मा की मौजूदा कहानी एक बार फिर दर्शकों को इंसानियत और आपसी सहयोग का महत्व समझा रही है

इस ट्रैक में रोशन सिंह सोढ़ी के एक दोस्त ने 15 दिनों के लिए सुरक्षित रखने हेतु उन्हें 1 लाख रुपये दिए होते हैं। लेकिन मिसेज रोशन सोढ़ी, कई वर्षों से परिचित एक फ्ल विक्रेता की अचानक आर्थिक मदद की जरूरत को देखते हुए, वह रकम उसे दे देती हैं। फ्ल विक्रेता तीन दिन में पैसे लौटाने का वादा करता है, लेकिन 15वें दिन तक भी वह रकम का इंतजाम नहीं कर पाता। उसी रात सोढ़ी का दोस्त पैसे लेने आने वाला होता है, जिससे मिसेज सोढ़ी की परेशानी बढ़ जाती है। आखिरकार वह गोकुलधाम सोसायटी की महिला मंडल से मदद मांगती हैं और सभी महिलाएं तुरंत उनके साथ खड़ी हो जाती हैं। यह कहानी गोकुलधाम सोसायटी की महिलाओं के जरिए एकता, दया और इंसानियत की खूबसूरत मिसाल पेश करती है। आज के समय में, जब लोग अपनी जिंदगी में इतने व्यस्त हो गए हैं कि पड़ोसियों से भी दूरी बढ़ती जा रही है, तब यह कहानी एक मजबूत सामाजिक संदेश देती है कि मुश्किल समय में एक-दूसरे का साथ देना कितना जरूरी है।

भावनात्मक और वास्तविकता से जुड़ी यह कहानी दर्शकों को भरोसा, अपनापन और सहानुभूति से भरा समाज बनाने की प्रेरणा देती है। गोकुलधाम की महिलाएं यह साबित करती हैं कि साथ और सहयोग हो तो बड़ी से बड़ी परेशानी भी आसान हो जाती है। यह ट्रैक निर्माता आसित कुमार मोदी की उस सोच को दर्शाता है, जिसमें मनोरंजन के साथ-साथ भारतीय संस्कारों और रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी सार्थक कहानियां दिखाई जाती हैं। ञ्नस्थ्यह्ष्ट ने हमेशा सिर्फ कॉमेडी ही नहीं, बल्कि सकारात्मकता, रिश्तों की गर्माहट और एकजुटता का संदेश भी दर्शकों तक पहुंचाया है।

असित कुमार मोदी की रचनात्मक सोच और सक्रिय भागीदारी के साथ यह शो पिछले 18 वर्षों से साफ्-सुथरी कॉमेडी और यादगार किरदारों के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करता आ रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### अनियंत्रित बाइक से गिरने से हुई दुर्घटना में एक युवक की हुई मौत



**जगदलपुर।** जिले के धरमपुरा कालीपुर के पास बीती रात 11 बजे मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर गिरने से हुई सड़क दुर्घटना में युवक गुप्तेश्वर जैन की मौत हो गई। परपा पुलिस ने बताया कि गुप्तेश्वर जैन कांकेर के निवासी थे। वह कई वर्षों से जगदलपुर के धरमपुरा में एक बुक की दुकान का संचालन करते थे। बीती रात उन्होंने दोस्तों के साथ घूमने की योजना बनाया, वे कार से दोस्तों के साथ आए थे। रात करीब 10 बजे उन्होंने अपनी कार दोस्तों को देकर दोस्त की बाइक से घर के लिए रवाना हुए, इसी दौरान कालीपुर के पास मोड़ पर उसकी बाईक अनियंत्रित होकर गिरने से सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौत हो गई। पीछे से आ रहे दोस्तों ने भीड़ देखकर गुप्तेश्वर को पहचान लिया। वे तुरंत उन्हें अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। परिवार को देर रात ही घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने कार्यवाही उपरांत आज गुरूवार को शव का पोस्टमॉर्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में 06 रिक्त पदों पर आवेदन 25 मई से, 08 जून तक ऑनलाइन प्रक्रिया

**गरियाबंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत कार्यालय परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना गरियाबंद द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 02 पद तथा आंगनबाड़ी सहायिका के 04 पद सहित कुल 06 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। जानकारी के अनुसार सेक्टर पीपरछेड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत दलदली के आंगनबाड़ी केंद्र दैहानपारा तथा सेक्टर आमदी के ग्राम पंचायत बारूका स्थित गांहदर केंद्र में 01-01 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं 01-01 सहायिका की भर्ती की जाएगी।

### ओप्पो इंडिया ने अपनी फाईंड एक्स9 सीरीज़ में नैक्स्ट जनरेशन इमेजिंग और ए. आई अनुभव उपलब्ध कराए

**नई दिल्ली:** आज ओप्पो इंडिया ने भारत में फाईंड एक्स9एस और फाईंड एक्स9 अल्ट्रा का लॉन्च किया। इसके साथ ही कंपनी के फ्लैगशिप स्मार्टफोन पोर्टफोलियो का विस्तार हुआ है, जो क्रिएटर्स को एडवांस्ड इमेजिंग, ए.आई अनुभव और फ्लैगशिप परफॉर्मेंस प्रदान करता है। ओप्पो फाईंड एक्स9एस सनसेट ऑरेंज, लैवेंडर स्काई और मिडनाईट ग्रे कलर्स में, तथा फाईंड एक्स9 अल्ट्रा टुंड्रा अंबर और केनयन ऑरेंज रंगों में उपलब्ध है।ये दोनों स्मार्टफोन 28 मई से ओप्पो ई-स्टोर, फ्लिपकार्ट, अमेज़ॉन और मेनलाईन रिटेल स्टोर्स से खरीदे जा सकेंगे। गोल्डी पटनायक, हेड, कम्युनिकेशंस, ओप्पो इंडिया ने कहा, ''ओप्पो में हम इनोवेशन के लिए अपना ध्यान इस पर केंद्रित करते हैं कि लोग अपनी डिवाईस का इस्तेमाल कैसे करते हैं। फाईंड एक्स9 अल्ट्रा हमारी सबसे आधुनिक इमेजिंग टेक्नोलॉजी पेश करता है, वहीं फाईंड एक्स9एस में ज्यादा स्लिम और लाईटवेट डिवाईस में वही फ्लैगशिप डीएनए दिया गया है। ये दोनों स्मार्टफोन भारत में प्रीमियम स्मार्टफोन के यूज़र्स की बदलती अपेक्षाओं को प्रदर्शित करते हैं। इनसे बाजार में फ्लैगशिप अनुभव पेश करने पर हमारा लगातार फोकस प्रदर्शित होता है।''

# भीषण गर्मी में बिजली संकट से बेहाल जनजीवन, लो वोल्टेज और बार-बार कटौती से कूलर-पंखे बने शोपीस, जनता में भारी आक्रोश



**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही बिजली की आंख मिचौली ने आम लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। दिन हो या रात, बार-बार बिजली गुल होने और चौबीसों घंटे लो वोल्टेज की समस्या से क्षेत्रवासी परेशान हैं। हालात इतने खराब हैं कि कूलर, पंखे और अन्य विद्युत उपकरण केवल शोपीस बनकर रह गए हैं।

ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था चरमरा गई है। कई मोहल्लों में इतनी कम वोल्टेज सप्लाई हो रही है कि पंखे भी ठीक से नहीं घूम पा रहे हैं। उमस भरी गर्मी में छोटे बच्चे, बुजुर्ग और मरीज सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। रात में बिजली कटौती के कारण लोगों की नींद पूरी नहीं हो पा रही, जिससे आमजन में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हर साल गर्मी शुरू होते ही बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो जाती है, लेकिन विभाग स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाता। लोगों ने सवाल उठाया कि जब राज्य सरकार सरप्लस बिजली होने का दावा करती है तो फ्रि जनता को इस तरह की परेशानियों का सामना क्यों करना पड़ रहा है।

लो वोल्टेज के कारण टीवी, फ्रिज, मोटर और अन्य महंगे विद्युत उपकरणों के खराब होने का खतरा भी बढ़ गया है। लोगों का आरोप है कि पूरे साल विद्युत मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली बंद रखी जाती है, इसके बावजूद व्यवस्था में सुधार दिखाई नहीं देता।

बिजली संकट का असर व्यापार और खेती-किसानी पर भी साफ नजर आ रहा है। दुकानों में कामकाज प्रभावित हो रहा है, वहीं किसानों को सिंचाई कार्य में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्रवासियों ने विद्युत विभाग से तत्काल बिजली व्यवस्था सुधारने, नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने और लो वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

# पैरी नदी में अवैध रेत उत्खनन पर प्रशासन का बड़ा एक्शन



## संयुक्त टीम की दबिश, उत्खनन में लगी चैन माउंटेन मशीन जब्त

## गरियाबंद में प्रशासन की सख्त कार्रवाई

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** जिले में अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक चैन माउंटेन मशीन जब्त की है। कलेक्टर बीएस उइके के निर्देश पर खनिज विभाग, राजस्व विभाग राजिम और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने तहसील राजिम अंतर्गत ग्राम चौबेबांधा स्थित पैरी नदी क्षेत्र में दबिश दी।

20 मई 2026 को हुई इस संयुक्त कार्रवाई के दौरान टीम ने मौके पर अवैध रूप से रेत उत्खनन करते हुए मशीन को पकड़ा। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मशीन को जब्त कर थाना पाण्डुका प्रभारी की अभिरक्षा में सुरक्षित रखा है।

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार अवैध उत्खनन में शामिल वाहन और संबंधित लोगों पर खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 तथा छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिले में लगातार बढ़ रहे अवैध खनन को रोकने के लिए टास्कफोर्स समिति द्वारा सख्त निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन का कहना है कि अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण में शामिल लोगों के खिलाफ आगे भी इसी तरह कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि पैरी नदी क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा था, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा था। लोगों ने मांग की कि रेत माफ्यिाओं पर लगातार सख्ती बरती जाए ताकि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा हो सके।

# 156 किलो गांजा जब्त, 5 आरोपी गिरफ्तार

## उड़ीसा से भोपाल सप्लाई का खुलासा, दो लग्जरी कारें भी जब्त

**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** देवभोग पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में कुल 156.06 किलोग्राम गांजा जब्त किया है। कार्रवाई में विधि से संघर्षरत बालक सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गांजा तस्करी में इस्तेमाल दो चारपहिया वाहन भी जब्त किए हैं। कुल जब्ती की कीमत लगभग ?86.53 लाख बताई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना देवभोग पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि उड़ीसा की ओर से भारी मात्रा में गांजा वाहनों के जरिए परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर घेराबंदी शुरू की।

**नीम के पेड़ से टकराई कार, फिर पकड़ाए तस्कर-** ग्राम मुरलीगुड़ा डोंगरीपारा मार्ग पर पुलिस ने सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक MP 04 BD 7321 को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर चालक तेज रफ्तार में भागने लगा, लेकिन वाहन अनियंत्रित होकर नीम के पेड़ से जा टकराया। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन में सवार आरोपियों को पकड़ लिया। तलाशी में कार से तीन प्लास्टिक बोरियों में 80 किलो गांजा बरामद हुआ जिसकी कीमत लगभग ?40 लाख आंकी गई।



**दूसरी कार से 76 किलो गांजा बरामद-** इसी दौरान दूसरी सूचना पर पुलिस टीम ने पुलिया के पास घेराबंदी कर मारुति सुजुकी एस-क्रॉस वाहन क्रमांक MP 04 KG 0614 को रोका। तलाशी लेने पर वाहन से चार प्लास्टिक बोरियों में 76.06 किलो गांजा बरामद हुआ जिसकी अनुमानित कीमत ?38.03 लाख बताई गई।

दोनों मामलों में कुल 156.06 किलो गांजा और दो चारपहिया वाहन जब्त किए गए। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

**गिरफ्तार आरोपी-** राहुल राजपूत, उम्र 21 वर्ष, निवासी बाजपेई नगर, भोपाल

संजय बामने, उम्र 23 वर्ष, निवासी बाजपेई नगर, भोपाल

अनिकेत उर्फ अंकित पाल, उम्र 26 वर्ष, निवासी गांधीनगर, भोपाल

साहिल खान, उम्र 22 वर्ष, निवासी बाजपेई नगर, भोपाल

विधि से संघर्षरत बालक, निवासी लालघाटी, भोपाल

जब्त सामग्री- 156.06 किलोग्राम गांजा

स्विफ्ट डिजायर कार MP 04 BD 7321, मारुति सुजुकी एस-क्रॉस MP 04 KG 0614, कुल जब्ती मूल्य लगभग 86.53 लाख

**कार्यालय जिला बाल संरक्षण अधिकारी**
**जिला रायपुर**

**// दावा-आपत्ति //**

1. बच्चे का नाम :- बालिका कु. पलक मानिकपुरी (परित्यक्त)
2. बच्चे का प्राप्ति दिनांक :- 18/02/2026
3. संस्था :- विशिष्ट दत्तक ग्रहण सेवा भारती मातृछाया कोटा, रायपुर
4. रंग :- सांवला
5. उम्र :- 05 वर्ष 03 माह 10 दिन



उक्त बालिका दिनांक 18/02/2026 को बाल कल्याण समिति, रायपुर के पत्र क्रं./2413/बा.क.स./2025-26 रायपुर दिनांक 18/02/2026 से अस्थाई संरक्षण हेतु विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेन्सी, सेवाभारती मातृछाया, कोटा, रायपुर (छ.ग.) में रखा गया है।

सर्व संबंधित को जो कि बालिका के वैधानिक पालक/अभिभावक होने का दावा आपत्ति दर्ज कराना चाहते है, प्रकाशन दिनांक से 120 दिवस के भीतर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, रोजगार कार्यालय के बाजू में, जिला-रायपुर (छ.ग.) अथवा विशिष्ट दत्तक ग्रहण एजेन्सी, सेवाभारती मातृछाया, कोटा, रायपुर (छ.ग.) में दर्ज करा सकते है। उक्त समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा तथा दत्तक ग्रहण की कार्यवाही की जावेगी।

यह विज्ञापन मेरे द्वारा जारी किया गया।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी
जिला बाल संरक्षण समिति (इकाई)
महिला एवं बाल विकास विभाग
जिला-रायपुर (छ.ग.)
मो.न.-07714033397

G-262700912/1

Annexure-i

कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा, जिला-सुकमा (छ0ग0)

// ई-प्रोक्योरमेंट प्रथम बार निविदा सूचना कमांक- 09 //

क्रमांक / 276 /निविदा/ग्रा.यां.सेवा/2026-27, सुकमा दिनांक-21/05/2026

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा दिनांक 04/05/2026 तक आमंत्रित की जाती है :-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | कार्यालय में निविदा की मैनुअल दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| जिला पशु चिकित्सालय निर्माण कार्य भवन नयापारा सुकमा। | 58.09 लाख | 08/06/2026 शाम 5.30 बजे । |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेब साईट http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 21/05/2026 से देखी/ डाऊनलोड की जा सकती है ।

G-262700942/1

कार्यपालन अभियन्ता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा
जिला - सुकमा (छ0ग0)

## भू-राजनीतिक संकट के बीच गैस आपूर्ति और उर्वरक सुरक्षा पर श्रीनगर में हुआ रणनीतिक मंथन

श्रीनगर में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने उठाई किसानों की आवाज, उर्वरक वितरण व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर



**श्रीनगर।** रायपुर सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता Brijmohan Agrawal शुक्रवार को रसायन एवं उर्वरक संबंधी संसदीय स्थायी समिति (Parliamentary Standing Committee on Chemicals & Fertilizers) के अध्ययन दौरे के तहत श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) पहुंचे। इस दौरान आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में उन्होंने समिति के सदस्यों, विभागीय अधिकारियों तथा उर्वरक एवं ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ कई महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की।

बैठक में भू-राजनीतिक संकट का उर्वरक क्षेत्र पर प्रभाव और निर्बाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र की तैयारियां तथा जम्मू-कश्मीर में उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण जैसे अहम विषयों पर विस्तार से मंथन किया गया। चर्चा के दौरान वैश्विक तनावपूर्ण परिस्थितियों के बीच देश में गैस आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने तथा भारतीय उर्वरक क्षेत्र को हर परिस्थिति के लिए सक्षम और तैयार रखने की रणनीति पर विशेष फोकस रहा।

सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने उर्वरक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित गेल (GAIL), इंडियन ऑयल (IOCL) एवं बीपीसीएल (BPCL) के प्रतिनिधियों के साथ भू-राजनीतिक संकट का उर्वरक क्षेत्र पर प्रभाव और निर्बाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र की तैयारियां विषय पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान वैश्विक तनाव और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के बीच भारत की ऊर्जा एवं उर्वरक सुरक्षा को मजबूत बनाए रखने को लेकर रणनीतिक मंथन किया गया।

श्री अग्रवाल ने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत को ऊर्जा और उर्वरक क्षेत्र में आत्मनिर्भर, सक्षम और हर चुनौती के लिए तैयार रहना होगा।

बैठक के दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जम्मू-कश्मीर सरकार के उर्वरक विभाग के अधिकारियों तथा एनएफएल (NFL), आरसीएफ (RCF), इफको (IFFCO) एवं कृभको (KRIBHCO) के प्रतिनिधियों के साथ जम्मू-कश्मीर में उर्वरकों की उपलब्धता विषय पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने किसानों को समय पर और बिना किसी परेशानी के खाद-उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ घाटी के अंतिम छोर पर बैठे किसान तक प्रभावी रूप से पहुंचे, इसके लिए लास्ट माइल फर्टिलाइजर डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को और अधिक मजबूत बनाए जाने की आवश्यकता है। साथ ही किसानों को फसल आधारित एवं संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति जागरूक करना समय की बड़ी आवश्यकता है।

## कैट प्रतिनिधी मंडल ने आरबीआई के क्षेत्रिय महाप्रबंधक से प्रदेश के लिए 20 करोड रूपये चिल्हर की मांग की

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ष्ट्वढ्ढञ्ज छत्तीसगढ़ ने प्रदेश में ?5, ?10 एवं ?20 के नए नोटों तथा सिक्कों की भारी कमी को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रिय महाप्रबंधक से तत्काल पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है।

देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (ष्ट्वढ्ढञ्ज) के राष्ट्रीय वाईस चेयरमेन छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन श्री जितेन्द्र दोशी, श्री विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष श्री परमानंद जैन, वाइस चेयरमेन श्री सुरिन्दर सिंह, श्री जीवत बजाज, महामंत्री श्री अवनीत सिंह, कोषाध्यक्ष श्री विजय पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेंद्र जग्गी, श्री वासु माखीजा, श्री राम मंधान, श्री भरत जैन, श्री राकेश ओचवानी एवं श्री शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि ने बताया कि आज टीम ब्प्ज् प्रतिनिधी मंडल ने त्ठप् के क्षेत्रिय महाप्रबंधक से प्रदेश के लिए 20 करोड रूपये चिल्हर की मांग की छत्तीसगढ़ में चिल्हर की कमी से व्यापार हो रहा प्रभावित इस विषय पर ज्ञापन सौपा। इस दौरान प्रतिनिधी मंडल ने क्षेत्रिय महाप्रबंधक को अवगत कराया कि प्रदेश के अधिकांश जिलों में स्थित बैंकों में छोटे नोट एवं सिक्के पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हैं, जिसके कारण आम नागरिकों एवं व्यापारियों को रोजमर्रा के लेन-देन में गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अमर पारवानी ने कहा कि विशेष रूप से छोटे एवं मध्यम व्यापारियों का व्यापार इससे प्रभावित हो रहा है। बाजारों में चिल्लर की कमी के कारण ग्राहकों एवं व्यापारियों के बीच अनावश्यक असुविधा उत्पन्न हो रही है, वहीं कई बार लेन-देन विवाद की स्थिति भी बन रही है। सार्वजनिक परिवहन, किराना, मेडिकल, फल-सब्जी एवं अन्य दैनिक उपयोग के व्यापारों में यह समस्या और अधिक गंभीर रूप से देखने को मिल रही है। कैट के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं बैंकिंग कार्य प्रभारी श्री राम मंधान ने बताया कि CAIT प्रतिनिधी मंडल RBI के क्षेत्रिय महाप्रबंधक से मांग की है कि प्रदेश के सभी बैंकों एवं करेंसी चेस्ट में 5, 10 एवं 20 के नए नोटों तथा सिक्कों की पर्याप्त आपूर्ति शीघ्र सुनिश्चित की जाए, ताकि व्यापार एवं आम जनजीवन सुचारू रूप से संचालित हो सके।

## सुशासन तिहार नवविवाहित जोड़े राजकुमार और पूजा को मुख्यमंत्री के हाथों मिला विवाह प्रमाण पत्र

■ सेवा सेतु केन्द्र बन रहा त्वरित सेवा केन्द्र



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन का एक जीवंत और सुखद नजारा करहीबाजार में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में देखने को मिला, सेवा सेतु केन्द्र के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के हाथों एक नव विवाहित जोड़े को विवाह प्रमाण पत्र मिला। ग्राम मोपर निवासी राजकुमार निर्मलकर और उनकी धर्मपत्नी पूजा रजक, जिनका विवाह दो माह पूर्व ही संपन्न हुआ है। इस शिविर में अपनी नई जिंदगी की शुरुआत के आधिकारिक दस्तावेज यानी विवाह प्रमाण पत्र के लिए पहुंचे थे। उन्होंने शिविर में लगे सेवा सेतु केंद्र के स्टॉल पर जाकर विवाह प्रमाण पत्र हेतु अपना आवेदन जमा किया। शासन की त्वरित कार्यप्रणाली का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आवेदन मिलते ही संबंधित अधिकारियों ने तुरंत कागजी प्रक्रिया पूरी की और चंद मिनटों के भीतर उनका विवाह प्रमाण पत्र तैयार कर दिया। इस नवदंपत्ति की खुशी उस समय दोगुनी हो गई, जब खुद सूबे के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अपने हाथों से उन्हें यह विवाह प्रमाण पत्र भेंट किया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन के लिए अपना आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं।

## विधायक पुरंदर मिश्रा सुशासन तिहार जनसमस्या निवारण शिविर पहुंचे

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज रायपुर नगर पालिक निगम जोन कमांक 2 के अंतर्गत वीरांगना अवंति बाई लोधी वार्ड कमांक 6, राजीव गाँधी वार्ड क्रमांक 13, रमण मन्दिर वार्ड क्रमांक 14, दानवीर भामाशाह वार्ड क्रमांक 26, इंदिरा गाँधी वार्ड क्रमांक 27, शहीद हेमू कालाणी वार्ड क्रमांक 28 और हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड क्रमांक 35 के लिए सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर जोन क्रमांक 2 क्षेत्र अंतर्गत शहीद स्मारक भवन जीईमार्ग में लगाया गया।



सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर की प्रशासनिक व्यवस्था का प्रत्यक्ष निरीक्षण रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने श्रीमती ,नगर पालिक निगम रायपुर के सभापति श्री सूर्यकांत राठौड, नगर निगम आयुक्त श्री संबित मिश्रा, नगर निगम ,राजस्व विभाग अध्यक्ष श्री अवतार भारती बागल,छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के संचालक सदस्य श्री चन्द्रेश शाह, दानवीर भामाशाह वार्ड पार्षद श्रीमती रामहिन कुर्रे, पूर्व पार्षद डॉ प्रमोद साहू, छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के संचालक सदस्य श्री चन्द्रेश शाह, , मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र गड़रेचा, श्री जंघेल, श्री चौधरी, अपर कलेक्टर श्री कीर्तिमान सिंह राठौर, एसडीएम श्री नन्द कुमार चौबे, नगर निगम रायपुर के अपर आयुक्त श्री लोकेश्वर साहू, श्री विनोद पाण्डेय, जोन 2 जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय , कार्यपालन अभियंता श्री पी. डी. धृतलहरे सहित रायपुर जिला क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न 15 से अधिक शासकीय विभागों के सम्बंधित शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजनों की उपस्थिति में किया।

## अवैध प्लॉटिंग पर निर्मित मुरूम रोड तत्काल काटकर रोक लगायी

■ सूचना बोर्ड लगाया गया और पंजीयक को रजिस्ट्री रोकने पत्र प्रेषित किया गया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री संबित मिश्रा के निर्देश पर नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल के नेतृत्व एवं कार्यपालन अभियंता श्री अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता श्री अमन चंद्राकर, उपअभियंता श्री लोचन चौहान एवं नगर निवेश विभाग टीम की उपस्थिति में नगर निगम जोन 8 क्षेत्र संत रविदाह वार्ड कमांक 70 क्षेत्र अंतर्गत स्थित सरोना नाला के पास लगभग 1 एकड़ भूमि पर अवैध रुप से प्लॉटिंग की गयी थी, स्थल पर पहुंचकर जोन 8 नगर निवेश विभाग की टीम ने जेसीबी की सहायता से स्थल पर वहाँ निर्मित की गयी अवैध मुरूम रोड को काटने की कार्यवाही की गयी तथा अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण को तोड़ने की कार्यवाही की गयी. वहाँ तत्काल सूचना बोर्ड लगाया गया है और पंजीयक को प्रकरण में रजिस्ट्री रोकने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है.

## कौशल विकास से रोजगार की ओर कदम, अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर से युवाओं के लिए नए अवसर

**रायगढ़।** ग्राम छोटे भंडार स्थित अदाणी पावर लिमिटेड की सीएसआर इकाई द्वारा स्थानीय युवाओं को कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से ग्राम सूपा के रीपा केंद्र में अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर (ASDC), रायगढ़ का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण केंद्र के लिए ग्राम पंचायत सूपा द्वारा भवन उपलब्ध कराया गया है। यह पहल युवाओं को रोजगारोन्मुख एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने पर केंद्रित है। केंद्र के माध्यम से परिधीय ग्रामों के युवाओं के तकनीकी कौशल में वृद्धि कर उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।





प्रारंभिक पाठ्यक्रम और नामांकन - अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर में वर्तमान समय की मांग के अनुरूप दो पाठ्यक्रमों का संचालन शुरू किया गया है— ज़ डोमेस्टिक डेटा एंट्री ऑपरेटर (ष्ठश्वह्र) ज़ जनरल ड्यूटी असिस्टेंट (त्रष्ठ) इन तीन माह की अवधि वाले पाठ्यक्रमों में अब तक 60 युवक-युवतियां नामांकन ले चुके हैं। ये पाठ्यक्रम क्रमश: तकनीकी और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र से जुड़े व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करते हैं तथा राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हैं। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए प्लेसमेंट सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

कार्यक्रम में उपस्थिति - शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती लक्ष्मी जीवन पटेल (जिला पंचायत सदस्य) और श्री शशधरा दास (चीफ बिजनेस ऑफिसर, अदाणी पावर लिमिटेड, रायगढ़) उपस्थित रहे। उनके साथ जनप्रतिनिधि, कंपनी के अधिकारी और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

वक्तव्यों के प्रमुख अंश - श्रीमती लक्ष्मी जीवन पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि, यह प्रशिक्षण केंद्र युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में उपयोगी पहल है और इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

श्री शशधरा दास ने विद्यार्थियों को नियमित और अनुशासित प्रशिक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि, अदाणी स्किल डेवलपमेंट सेंटर के माध्यम से युवाओं को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे रोजगार के लिए बेहतर रूप से तैयार हो सकें। कार्यक्रम के अंत में श्री धनंजय सिंह ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह प्रशिक्षण केंद्र क्षेत्र के युवाओं के लिए कौशल उन्नयन और रोजगार की दिशा में एक उपयोगी मंच के रूप में कार्य करेगा तथा सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने में सहायक बनेगा।

## करहीबाजार समाधान शिविर में सीएम ने दी विकास कार्यों की सौगात

■ विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से किया संवाद



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज सुशासन तिहार-2026 के अंतर्गत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विकासखंड भाटापारा स्थित ग्राम करहीबाजार में आयोजित समाधान शिविर में शामिल होकर क्षेत्रवासियों को विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

मुख्यमंत्री ने ग्राम करहीबाजार में सर्व समाज हेतु 25 लाख रुपये की लागत से सांस्कृतिक भवन निर्माण तथा सुकालू के घर से सिद्ध बाबा मार्ग तक 25 लाख रुपये की लागत से सी.सी. रोड निर्माण कार्य की घोषणा की। उन्होंने करहीबाजार एवं कोदवा के हायर सेकेंडरी स्कूलों में भवन निर्माण की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री ने ग्राम विटकुली में 20 लाख रुपये की लागत से मांगलिक भवन निर्माण तथा ग्राम पंचायत कोठमी, मोपका, कोनी, बोरसी, कोदवा, पाटन एवं रामपुर में 10-10 लाख रुपये की लागत से सी.सी. रोड निर्माण कार्यों की घोषणा की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने माँ महामाया मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की तथा स्थानीय महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात कर उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहुंचकर धात्री माताओं को किट वितरित की और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए हितग्राहीमूलक स्टॉलों का अवलोकन कर योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने फुटबॉल खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके अनुरोध पर फुटबॉल को किक लगाई। उन्होंने हम होंगे कामयाब 2.0 पोर्टल का शुभारंभ भी किया। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री का पारंपरिक खुमरी पहनाकर आत्मीय स्वागत किया।

### 351 बच्चों की सहभागिता, नौ ग्रामों से बच्चों ने लिया भाग

## उत्थान परियोजना के तहत आठ दिवसीय समर कैंप संपन्न

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अदाणी फाउंडेशन की उत्थान परियोजना के अंतर्गत आठ दिवसीय समर कैंप का आयोजन रायपुर जिले के तिल्दा विकासखंड स्थित ग्राम चिचोली में किया गया। यह शिविर नवनिर्मित अदाणी भवन, चिचोली में आयोजित हुआ, जिसमें आसपास के नौ ग्रामों के कुल 351 बच्चों ने भाग लिया। इस समर कैंप में चिचोली, गैतरा, रायखेड़ा, भाटापारा, ताराशिव, कोनारी, खम्हारिया, खपरी एवं छतौद ग्रामों के बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ अदाणी पावर लिमिटेड, रायपुर के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



कैंप के उद्घाटन अवसर पर ग्राम पंचायत चिचोली की सरपंच श्रीमती रामप्यारी ध्रुव, उपसरपंच प्रतिनिधि श्री राजकुमार बंजारे एवं पंचगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दूसरे दिन ग्राम ताराशिव के सरपंच प्रतिनिधि श्री मनीष वर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। समर कैंप के समापन अवसर पर ग्राम पंचायत गौरखेड़ा के सरपंच प्रतिनिधि श्री रोशन यादव और केवतरा के सरपंच श्री गोविंद कुर्रे की उपस्थिति रही। समर कैंप के दौरान बच्चों ने शैक्षणिक, रचनात्मक एवं खेलकूद गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की। इस दौरान बच्चों ने पेपर क्राफ्टिंग एवं पत्तों से आकृति निर्माण, कागज से कठपुतली बनाना, मिट्टी से खिलौने तैयार करना, कबाड़ से उपयोगी वस्तु निर्माण, पक्षियों के लिए घर एवं फीडर बनाना, पेन स्टैंड निर्माण के साथ-साथ पेंटिंग एवं मास्क मेकिंग जैसी गतिविधियों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और सीखने की क्षमता का प्रदर्शन किया।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या:** RSO-R-RS-Valve-OT-2026-01 दिनांक: 15.05.2026
**कार्य का नाम:** रायपुर मंडल की संयुक्त क्रू लॉबियों में एएलपी के प्रशिक्षण हेतु 05 नग सिम्युलेटर-आधारित आरएस वॉल्व मॉडल की आपूर्ति, स्थापना और चालु करना।
**निविदा मूल्य:** ₹ 24,82,720/-, **ईएमडी:** ₹ 49,700/-, **निविदा प्रस्तुति:** दि. **16.06.2026** के **15:30** बजे तक, | **निविदा खोलना:** दि. **16.06.2026** को **15.30** बजे।
कार्य का विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड हेतु Sr. DEE/OP/R, एस.ई.सी रेलवे, रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/डाउनलोड करें। निविदा के विरुद्ध मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा प्राप्त सभी मैनुअल प्रस्ताव अस्वीकार कर दिए जाएंगे।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-परिचालन,**
**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,**
**रायपुर**
PR/R/Sr.DEE(OP)/FL/73
South East Central Railway @secrail



**CHHATTISGARH GRAMIN BANK**
REGIONAL OFFICE – RAIPUR
Address- Mahadev Ghat Road, Sunder Nagar, Raipur (C.G.)
Mob:6232032095 | Tollfree 1800-233-2300 ( Pin 492013)
E-mail: npa.ro.rai@cgb.bank.in | Web : www.cgb.bank.in

A notice is hereby given that the following Borrower/s **Mr. Manvishram Sahu S/O Doulat Ram sahu** Co-borrower) have defaulted in the repayment of principal and interest of the loans facility obtained by them from the Bank and the loans have been classified as Non Performing Assets (NPA). The notices were issued to them under Section 13(2) of Securitization and Re-construction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act 2002 on their last known addresses, but they have been returned un-served and as such they are hereby informed by way of this public notice.

| Sr No | Name of the Borrower | Details of Properties/ Address of Secured Assets to be Enforced | Date of Notice | Date of NPA | Amount outstanding (As on the date of notice) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Mr. Manvishram Sahu S/O Doulat Ram sahu | Land and Residential Building in the name of **Mr.Manvishram Sahu S/O Doulat Ram sahu Mouja - Sitara "Geekey Township" House No. 97 (Old House No. A-20) Street 'A' Sector 2 Khasra No. 15001/51 PC No. 20 R.I.C. Dharsiwa Village- Siltara, Raipur C.G. Admeasuring 1000 sqft** **North-** House No. 100, **South-** Road, **East-** House No. 98 **West-** House No. 96 | 05/03/2026 | 26/02/2026 | 11,34,563/- |

The steps are being taken for substituted service of notice. The above Borrower(s) and /or their Guarantor(s) (whenever applicable)are hereby called upon to make payment of outstanding amount within 60 days from the date of publication of this notice, failing which further steps will be taken after expiry of 60 days from the date of this notice under sub-section (4) of Section 13 of Securitization and Re-construction of Financial Assets and Enforcement of Security interest Act, 2002.

**Authorized Officer**
Date : 22/05/2026, Place: Raipur **For , Chhattisgarh Gramin Bank, Regionl Office - Raipur**


छत्तीसगढ़ शासन
छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 वर्षों का उत्सव वर्षों का संकल्प
राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन-बिहान
छत्तीसगढ़ की लखपति दीदियां
संघर्ष से सम्मान तक, आगे बढ़ती बिहान की दीदियां
08 लाख महिलाएं बनीं लखपति दीदी
10 लाख अतिरिक्त महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य
₹05 करोड़ का बजट प्रावधान
लखपति दीदियों के व्यावसायिक अनुभव के विस्तार हेतु लखपति दीदी श्रमण योजना की शुरुआत
2.8 लाख स्व-सहायता समूह और 30.85 लाख परिवार बिहान मिशन से जुड़े
महिलाओं को प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता से बनाया जा रहा आर्थिक रूप से सशक्त
महिला समूहों को उद्यम के लिए बेहतर जगह उपलब्ध कराने 368 महतारी सदनों का हो रहा निर्माण
SAMVAD- 47590/21
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in